

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,मंगलवार 9 दिसंबर 2025 ■ पौष कृष्ण पक्ष-5 ■ वर्ष -41 ■ अंक-250 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 10 दिसंबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112







## डीजीसीए ने इंडिगो की 115 उड़ानें घटाईं

**नई दिल्ली,9 दिसंबर।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो पिछले कुछ सप्ताहों से लगातार रद्द और विलंबित उड़ानों के कारण सुर्खियों में है। यात्रियों को हवाई अड्डों पर घंटों फँसे रहना पड़ा, कई की यात्रा योजनाएँ बिगड़ गईं और सोशल मीडिया पर शिकायतों का अंबार लग गया। इस पूरे संकट के केंद्र में था पायलटों की ड्यूटी और आराम से संबंधित नए नियम जिसे प्रभावी रूप से लागू करने में इंडिगो विफल रहा। इन नियमों का उद्देश्य पायलटों को अधिक आराम देना और रात के समय उड़ानों की संख्या नियंत्रित करना था, ताकि सुरक्षा मानक बेहतर हों।



हालाँकि, इंडिगो ने इन नियमों को लागू करने के लिए आवश्यक तैयारी नहीं की। पायलटों की उपलब्धता, शेड्यूलिंग और क्रू मैनेजमेंट में खामियों के चलते एयरलाइन की उड़ानें बड़ी संख्या में प्रभावित हुईं। यात्रियों की लगातार बढ़ती परेशानी को देखते हुए नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने कड़ा कदम उठाते हुए इंडिगो की उड़ान क्षमता में 5 प्रतिशत कटौती का आदेश जारी किया। इसका अर्थ है कि एयरलाइन अपनी लगभग 2,300 दैनिक उड़ानों में से करीब 115 उड़ानें रोजाना कम करेगी। डीजीसीए ने एयरलाइन को नया शेड्यूल तैयार करने, परिचालन स्थिर करने और यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए हैं कि भविष्य में इस तरह की अव्यवस्थित स्थिति न पैदा हो।

यह भी संकेत दिया गया है कि यदि स्थिति जल्द सुधरी नहीं, तो कटौती और बढ़ सकती है। डीजीसीए और सरकार का कहना है कि उड़ानों में हो रही यह गड़बड़ी सिर्फ नियमों के कारण नहीं, बल्कि एयरलाइन की कमजोर योजना और संसाधन प्रबंधन का नतीजा है। इस संदर्भ में एक जांच समिति भी गठित की गई है, जो यह देखेगी कि क्या इंडिगो को पहले से सचेत किया गया था और क्या एयरलाइन प्रबंधन ने उन चेतावनियों पर ध्यान नहीं दिया। उधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस मुद्दे पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा, "नियम और कानून व्यवस्था ठीक करने के लिए होते हैं, लोगों को परेशान करने के लिए नहीं। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि आम लोगों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े।" प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी संकेत देती है कि सरकार सुरक्षा नियमों पर समझौता नहीं करेगी, लेकिन नियमों के लागू होने के तरीके में यात्रियों को अनावश्यक परेशान होना भी स्वीकार्य नहीं है। उनकी प्रतिक्रिया ऐसे समय में आई है जब देशभर में यात्रियों में भारी नाराज़गी और भ्रम की स्थिति बनी हुई है। डीजीसीए ने भी बाद में कुछ नियमों में अस्थायी ढील दी ताकि स्थिति संभाली जा सके, लेकिन मूल समस्या यानि एयरलाइन की तैयारी, अभी भी जांच के दायरे में है।

हम आपको बता दें कि भारत के एविएशन सेक्टर में इंडिगो की हिस्सेदारी लगभग 60–65 प्रतिशत है। ऐसे में इसकी किसी भी तरह की विफलता का सीधा असर देश की हवाई यात्रा व्यवस्था पर पड़ता है। यही कारण है कि सरकार और नियामक दोनों इस मामले को बेहद गंभीरता से ले रहे हैं। देखा जाए तो इंडिगो का यह संकट भारतीय विमानन क्षेत्र के सामने खड़ी एक बड़ी सच्चाई को उजागर करता है कि नियम बनाना आसान है, पर उनका पालन करवाना तभी संभव है जब संबंधित पक्ष तैयार हो।

## वोटर कार्ड पर बुरी फंसी सोनिया गांधी

### राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोनिया गांधी व दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया

**नई दिल्ली,9 दिसंबर।** वरिष्ठ कांग्रेस सांसद और कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी वोटर कार्ड पर बुरी तरह फंस गई है। सोनिया गांधी पर भारतीय नागरिकता लेने से पहले गलत तरीके से बनाने के मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोनिया गांधी को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने सोनिया के साथ ही दिल्ली पुलिस को भी नोटिस जारी किया है। यह रिवीजन पिटीशन वकील विकास त्रिपाठी ने दायर की है। मामला इस आरोप से जुड़ा है कि कथित रूप से भारतीय नागरिकता हासिल करने से पहले उनका नाम नई दिल्ली की मतदाता सूची में शामिल कर दिया गया था। अदालत इस पूरे प्रकरण की अगली सुनवाई 6 जनवरी 2026 को करेगी। नागरिकता से जुड़ा विवाद उस समय उठा, जब वकील विकास त्रिपाठी ने कोर्ट में रिवीजन पिटीशन दायर की। उनका आरोप है कि सोनिया गांधी को 30 अप्रैल 1983 को भारत की नागरिकता मिली, लेकिन इसके तीन साल पहले यानी 1980 की मतदाता सूची में उनका नाम पहले से मौजूद था। याचिकाकर्ता का कहना है कि मतदाता सूची में नाम केवल उन्हीं का शामिल हो सकता है, जिनके पास भारतीय नागरिकता हो, इसलिए 1980 की लिस्ट में एंट्री अपने आप में संदेह पैदा करती है। अब कोर्ट ने राज्य सरकार को भी नोटिस जारी किया और टीसीआर मंगवाया है। मामले की अगली सुनवाई 6 जनवरी को होगी।

## रेलवे ग्रुप-डी:अभ्यर्थियों को बड़ी राहत मिली

### हाईकोर्ट ने रेलवे की सभी याचिकाएँ खारिज की

**बिलासपुर,9 दिसंबर।** रेलवे में ग्रुप डी की नौकरी के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को हाईकोर्ट से राहत मिली है. दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में ग्रुप डी की भर्ती के लिए 2010 में जारी हुई अधिसूचना के तहत नौकरी के लिए आवेदन करने वाले 100 से अधिक उम्मीदवारों के पक्ष में हाईकोर्ट ने फैसला दिया है. जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद की डबल बेंच ने रेलवे की याचिकाएं खारिज कर दी हैं. इसके साथ ही योग्य उम्मीदवारों की रिप्लेसमेंट कोटा के तहत नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है. दरअसल, रेलवे भर्ती बोर्ड, बिलासपुर ने 15 दिसंबर 2010 को ग्रुप डी की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की थी. कई साल बाद भी नियुक्ति नहीं होने पर उम्मीदवारों ने केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण में मामला प्रस्तुत किया. कैट ने 6 मार्च 2024 को दिए गए फैसले में रेलवे को निर्देश दिया था कि 17



जून 2008 की अधिसूचना के अनुसार रिप्लेसमेंट कोटा के तहत रिक्तियों की स्थिति की जांच कर पद खाली हैं तो याचिकाकर्ताओं को ग्रुप डी के पदों पर नियुक्ति देने पर विचार किया जाए. कैट के इस आदेश के खिलाफ रेलवे ने हाई कोर्ट में याचिकाएं लगाई. याचिका में तर्क दिया गया, कि चयनित पैनल में शामिल होने से किसी उम्मीदवार को नियुक्ति का निहित अधिकार नहीं मिल जाता है. हाई कोर्ट ने रेलवे की याचिकाएं खारिज करते हुए कहा कि वैध रूप से तैयार किए गए चयन पैनल में शामिल उम्मीदवार को नियुक्ति का निहित अधिकार न हो, लेकिन वह उचित, निष्पक्ष और कानूनी विचार का हकदार है. नियुक्ति प्राधिकारी मनमाने ढंग से चयन पैनल को नजरअंदाज नहीं कर सकता. जब योग्य उम्मीदवार मेरिट में हो और पद खाली हो तो नियुक्ति केवल ठोस और उचित कारणों पर ही नकारी जा सकती है.हाईकोर्ट ने रेलवे को निर्देश दिए हैं कि उच्च स्तरीय अधिकारी की अध्यक्षता में तत्काल खाली पदों का ऑडिट किया जाए. यह पता लगाया जाए कि 2010 को कितने पदों पर भर्ती होनी थी, इसमें से कितने भरे नहीं गए. कितने पद अब भी रिप्लेसमेंट/वेटिंग लिस्ट से भरे जा सकते हैं. ऑडिट की पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी होनी चाहिए. यह ऑडिट प्राथमिकता से चार महीने के भीतर पूरा किया जाए ताकि योग्य उम्मीदवारों को देरी का सामना न करना पड़े.

## बालको प्लांट में विस्फोट, 3 श्रमिक झुलसे

**कोरबा,9 दिसंबर।** बालको प्लांट के ग्रीन एनोड प्लांट में अचानक धमाका हुआ और उसके बाद आग लग गई। इस घटना से कई कर्मचारी प्रभावित हुए। शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, तीन मज़दूर जल गए, लेकिन पुलिस ने सिर्फ़ एक मज़दूर के घायल होने की पुष्टि की है। मिली जानकारी के अनुसार घटना शाम करीब 6 बजे की बताई जा रही है, जिससे प्लांट परिसर में अफरा-तफरी मच गई। घायल मजदूरों को तुरंत बाल्को के डिपार्टमेंटल हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घायलों में बिहार के रहने वाले रवि शंकर यादव की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। अभी तक इस बारे में कोई साफ़ जानकारी नहीं मिली है कि धमाका कैसे हुआ और इसका कारण क्या था। प्लांट मैनेजमेंट और पुलिस जांच कर रहे हैं।

## तेज रफ्तार कार पलटी,2 दोस्तों की मौके पर ही मौत

**बिलासपुर,9 दिसंबर।** खाना खाने ढाबा जा रहे दोस्तों की तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई. जिससे कार सवार दो छात्र की मौके पर ही



मौत हो गई. वहीं, चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. घायल युवकों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घटना कोनी थाना क्षेत्र की है. कोनी पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है. सक्ती जिले के डभरा क्षेत्र के ग्राम खरकेना के रहने वाले आर्यन रत्नाकर के मुताबिक वह एलएलबी का छात्र है. उनका बड़ा भाई ईशु रत्नाकर पीएससी की तैयारी कर रहा था. दोनों यहां बिलासपुर में साथ रहकर पढ़ाई करते थे. ईशु अपने दोस्त बेमेतरा जिले के जैतपुरी निवासी भास्कर राजपूत, अभिषेक वर्मा, शेखर चंद्रवंशी, श्याम सिंह राजपूत और एक अन्य के साथ खाना खाने के लिए रतनपुर रोड की तरफ जा रहे थे. कार को ईशु रत्नाकर चला रहा था और भास्कर राजपूत उसके बाजू वाली सीट पर बैठा था. बाकी दोस्त पीछे बैठे थे. उनकी कार कोनी थाना पार कर आगे बढ़ी इस दौरान उनकी कार काफी तेज रफ्तार में थी. कुछ दूर आगे जाकर सेंदरी से पहले उनकी कार अचानक अनियंत्रित हो गई, और सड़क से नीचे उतरकर पलट गई. रफ्तार इतनी तेज थी, कि कार तीन बार गुलाटी मारते हुए सड़क से दूर झाड़ियों में जा घुसी. हादसे में कार चला रहे ईशु और साथ बैठे भास्कर राजपूत की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं, उनके चार साथी गंभीर रूप से घायल हो गए. राहगीरों ने घटना की जानकारी कोनी पुलिस को दी. सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची, और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा.

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार 2 युवकों की मौत

कांकेर,9 दिसंबर। नेशनल हाईवे 30 पर दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जहां ट्रक की टक्कर से बाइक सवार 2 युवकों की मौत हो गई। वहीं एक की हालत गंभीर है। यह हादसा सोमवार देर शाम नाथियानवागांव के पास हुआ। तीनों युवक खमदौडगी गांव के रहने वाले हैं। हादसे की खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर है। पूरा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। घटना की सूचना



मिलते ही हाइवे पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची और तीनों युवकों को जिला कोमलदेव अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने दो युवकों को मृत घोषित कर दिया। एक युवक का उपचार जारी है। दोनों मृत युवकों के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आई थीं, जबकि घायल युवक के पैर में गहरी चोट है और उसका घुटना टूट गया है। पुलिस ने घटना स्थल से क्षतिग्रस्त बाइक बरामद की है। वहीं अज्ञात वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

## न्यायिक व्यवस्था में प्रौद्योगिकी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण : चीफ जस्टिस सिन्हा

**बिलासपुर,9 दिसंबर।** हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने कहा कि वर्तमान समय में तीव्र डिजिटल परिवर्तन के दौर में प्रत्येक न्यायिक अधिकारी के लिए आधुनिक तकनीकी उपकरणों, ई-संसाधनों एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म के प्रभावी उपयोग में दक्ष होना अत्यावश्यक है।



चीफ जस्टिस ने कहा कि आज की न्यायिक व्यवस्था में प्रौद्योगिकी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। डिजिटल केस प्रबंधन, वर्चुअल सुनवाई, ऑनलाइन शोध मंच तथा कागजरहित न्यायालय जैसी प्रणालियाँ अब मुख्यधारा का हिस्सा बन चुकी हैं। न्यायिक सेवा के प्रारंभ में ही प्रशिक्षु न्यायाधीशों को लैपटॉप उपलब्ध कराना न्यायपालिका की इस प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि वे न्यायिक अधिकारियों को समयबद्ध, पारदर्शी तथा जन-अनुकूल न्याय वितरण हेतु आवश्यक संसाधनों से सुसज्जित करना चाहती है। न्यायधीशों को लैपटॉप का वितरण एक सार्थक पहल के रूप में न्यायिक दक्षता में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। डिजिटल परिवर्तन के इस युग में यह पहल न्यायिक अधिकारियों के लिए आधुनिक तकनीकी उपकरणों, ई-संसाधनों और डिजिटल प्लेटफॉर्म में प्रवीण होने की अनिवार्यता को रेखांकित करती है, जिससे उनका दैनिक न्यायिक कार्य अधिक प्रभावी बन सके। कार्यक्रम के दौरान चीफ जस्टिस ने प्रशिक्षु न्यायाधीशों को सलाह दी कि वे इन उपकरणों का उपयोग प्रभावी रूप से विधिक अनुसंधान, निर्णय लेखन, केस प्रबंधन तथा ज्ञान के निरंतर उन्नयन के लिए करें। उन्होंने नैतिक डिजिटल आचरण, डेटा सुरक्षा तथा आधिकारिक ई-प्लेटफॉर्म के उचित उपयोग के महत्व पर भी विशेष जोर दिया। कार्यक्रम में रजिस्ट्रार जनरल सहित उच्च न्यायालय के अन्य रजिस्ट्री अधिकारियों ने भी सहभागिता की।

## रायपुर को जल्द मिलेगा 100% ग्रीन एनर्जी एयरपोर्ट

**नई दिल्ली,9 दिसंबर।** नईदिल्ली में आयोजित प्राकल्लन समिति की महत्वपूर्ण बैठक में वरिष्ठ सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ के एविएशन सेक्टर की व्यापक और तेज़ विकास जरूरतों को बेहद प्रभावी तरीके से सामने रखा। नागरिक उड्डयन मंत्रालय की योजनाओं और कार्यों की समीक्षा के दौरान, उन्होंने राज्य में हवाई संपर्क, औद्योगिक विकास और ग्रीन एनर्जी ट्रांजिशन को गति देने हेतु कई निर्णायक सुझाव रखे। सांसद अग्रवाल ने रायपुर–नवा रायपुर–भिलाई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के भीतर एक बड़े ग्रीनफील्डइंटरनेशनल एयरपोर्ट की आवश्यकता को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने मंत्रालय से स्पष्ट किया कि छत्तीसगढ़ अब एक नेशनल स्टील और पावर हब के रूप में तेजी से उभर रहा है, ऐसे में राज्य के दूसरे इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए अप्रूवल प्रक्रिया में जल्द-से-जल्द तेजी लाई जाए। हालांकि बिलासपुर, रायगढ़, अंबिकापुर और जगदलपुर को उड़ान से जोड़ना सकारात्मक कदम है, लेकिन उन्होंने कहा कि 2025-35 के संशोधित उड़ान वर्ज़न में छत्तीसगढ़ को और भी अधिक कवरेज मिलना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से आग्रह किया कि अगले बिडिंग राउंड में जगदलपुर, अंबिकापुर, बिलासपुर और रायगढ़ के लिए नई रूट्स, बेहतर सुविधाएँ और उच्च गुणवत्ता वाली सर्विसेज़ अनिवार्य रूप से शामिल हों। मंत्रालय द्वारा 87 एयरपोर्ट्स को 100% ग्रीन एनर्जी में बदलने की उपलब्धि का स्वागत करते हुए, अग्रवाल ने रायपुर, बिलासपुर और जगदलपुर को भी जल्द से जल्द इस सूची में शामिल करने के लिए स्पष्ट और बाध्यकारी टाइमलाइन तय करने का अनुरोध किया। उन्होंने स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट, रायपुर में एक डेडिकेटेड सोलर पावर प्लांट स्थापित करने का ठोस प्रस्ताव भी रखा। उन्होंने रायपुर एयरपोर्ट में चल रहे रीकॉन्फ़िगरेशन कार्यों को तुरंत पूरा करने और इसे एएआई के एटीसी टावर अपग्रेडेशन प्रोग्राम में प्राथमिकता के साथ शामिल करने की आवश्यकता बताई।



## जिंदा पैंगोलिन के साथ ओडिशा के दो तस्कर गिरफ्तार

**गरियाबंद,9 दिसंबर।** उदंती-सीता नदी अभयारण्य की एंटी पोचिंग टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक जिंदा पैंगोलिन के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पकड़े गए दोनों तस्कर ओडिशा के रहने वाले हैं। शेड्यूल-1 श्रेणी में शामिल इस दुर्लभ जीव की तस्करी की सूचना वाइल्डलाइफ जस्टिस कमीशन तक पहुंची थी, जिसके आधार पर संयुक्त रूप से कार्रवाई की गई। जानकारी के मुताबिक, कमीशन के बताए गए प्वाइंट पर छत्तीसगढ़-ओडिशा बॉर्डर इलाके में घेराबंदी कर तस्करी के प्रयास में लगे दोनों आरोपियों को टीम ने गिरफ्तार किया। उनके पास से करीब 9 किलो वजनी और 40 इंच लंबा जिंदा पैंगोलिन बरामद किया गया। जिसके बाद वन विभाग ने पैंगोलिन का स्वास्थ्य परीक्षण कराया है।

## सर्व आदिवासी समाज के बस्तर बंद का व्यापक असर



**किरंदुल,9 दिसंबर।** सर्व आदिवासी समाज बस्तर संभाग के आहवान पर संभाग के सभी जिले में व्यापक बंद का असर देखने को मिला। सर्व आदिवासी समाज बस्तर संभाग का आरोप है कि कांकेर जिले के चारामा तहसील के मयाना गाँव के निवासी पूर्व जिला अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज, पूर्व जनपद अध्यक्ष चारामा तथा पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष गोंडवाना समाज समन्वय समिति दिवंगत आदिवासी नेता श्री जीवन ठाकुर की मृत्यु जेल अभिरक्षा में अत्यंत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है, जो कि प्रथम दृष्टया एक सुनियोजित राजनीतिक षड्यंत्र एवं हत्या प्रतीत होती है। उन पर फर्जी वन अधिकार पट्टे बनाने और लैंप्स से धोखाधड़ी कर कर्ज निकालने का आरोप लगाया जा कर गिरफ्तार कर कारावास में डाल दिया गया, जहां जेल अभिरक्षा में उनकी मृत्यु हो गई है यह समाज के लिए एक गंभीर मुद्दा है। इस मामले में पूरी प्रक्रिया की विसंगतियां और प्रशासनिक जवाबदेही के सवाल सामने दिख रहे हैं, जिन पर तत्काल जांच कर न्याय दिलाई जावे। इस बंद के समर्थन में समस्त व्यापारिक संगठनों और बस्तर चेंबर ऑफ़ कॉमर्स ने भी अपना समर्थन देते हुए अपनी व्यापारिक गतिविधियां बंद रखा। साथ ही व्यापारियों से अपील कर अपने दुकानें एवं व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रखा और सर्व आदिवासी समाज के बंद आहवान को अपना समर्थन दिया। इस बस्तर बंद का व्यापक असर किरंदुल में देखने को मिला जहां सुबह से ही सारे व्यापारिक संस्थान बंद रहे।

# एक नजर

## स्वस्थ समाज के संकल्प के साथ रामकृष्णा केयर हॉस्पिटल्स की 'द ग्रेट छत्तीसगढ़ रन 2025' में भागीदारी

**रायपुर, 09 दिसंबर।** रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल ने 'द ग्रेट छत्तीसगढ़ रन 2025' के 10वें संस्करण में हेल्थकेयर पार्टनर के रूप में गर्वपूर्ण सहभागिता की। यह कार्यक्रम रायपुर के एकात्म पथ पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रामकृष्णा केयर हॉस्पिटल्स के मेडिकल एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. संदीप दवे मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ वरिष्ठ पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. सुशील जैन और डॉ. गिरीश अग्रवाल, वरिष्ठ जनरल एवं लापरोसकॉपिक सर्जन डॉ. सिद्धार्थ तामस्कर और अनेक डॉक्टरों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया और लोगों को फेफड़ों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने, फिट जीवनशैली अपनाने और पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। इस रन में क्षेत्रभर से प्रमुख अतिथियों, डॉक्टरों, खेल जगत से जुड़े लोगों, हजारों धावकों, परिवारों और फिटनेस प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वस्थ सांसों और हरित धरती के लिए दौड़÷ थीम को सशक्त रूप से आगे बढ़ाते हुए रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल ने प्रतिभागियों को लगभग 5,000 पौधे वितरित किए – ताकि हर प्रतिभागी अपने साथ स्वच्छ हवा और स्वस्थ भविष्य की जिम्मेदारी का एक छोटा सा बीज घर ले जा सके।

## नेवरिया पारा प्राथमिक शाला में अध्यापन की व्यवस्था बेहतर



**रायपुर, 09 दिसंबर।** कोरबा जिले के विकासखंड पाली के ग्राम नेवरिया पारा में स्थित प्राथमिक शाला वर्ष 1974 से निरंतर ज्ञान का प्रसार कर रही है। लंबे समय से यह विद्यालय एकल-शिक्षकीय रूप में संचालित हो रहा था, जहाँ मात्र एक शिक्षक के सहारे 25 से अधिक बच्चों की शिक्षा व्यवस्था संचालित की जा रही थी। इस स्थिति को सुधारने हेतु मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा अतिशेष शिक्षकों के युक्तिकरण की प्रक्रिया प्रभावी ढंग से लागू की गई। इसी प्रक्रिया के अंतर्गत सहायक शिक्षक श्री विजय बहादुर सिंह को प्राथमिक शाला नेवरिया पारा में पदस्थापित किया गया। इससे विद्यालय में शिक्षकों की संख्या बढ़कर दो हो गई। पूर्व से पदस्थ प्रधानपाठिका श्रीमती रोहिणी तिवारी के साथ अब विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियाँ अधिक सुचारू और सुव्यवस्थित रूप से संचालित हो रही हैं। विद्यालय के विद्यार्थियों ने बताया कि अब दो शिक्षकों के होने से पढ़ाई बेहतर ढंग से हो रही है और सीखने की गति भी बढ़ी है। नेवरिया पारा प्राथमिक शाला में शिक्षकों की संख्या बढ़ने से न केवल छात्रों की पढ़ाई में सुधार हुआ है, बल्कि ग्राम में शिक्षा के प्रति नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार हुआ है।

## पारदर्शी धान खरीदी व्यवस्था से किसानों में बढ़ा विश्वास

**रायपुर, 09 दिसंबर।** खरीफविपणन वर्ष 2025-26 में जिले के धान उपार्जन केंद्रों में पारदर्शी और सुगम धान खरीदी व्यवस्था के कारण किसानों में उत्साह एवं विश्वास बढ़ा है। अंबिकापुर विकासखंड के ग्राम पंचायत मानिक प्रकाशपुर के किसान श्री मनु तिर्की ने धान खरीदी प्रक्रिया को सरल, समयबद्ध और भरोसेमंद बताते हुए अपना अनुभव साझा किया। उन्होंने बताया कि उनके पास कुल 161 क्विंटल धान का रकबा है। इस सीजन में खैरबार उपार्जन केंद्र से 60 क्विंटल के प्रथम टोकन पर उन्होंने बिना किसी कठिनाई के धान विक्रय किया। केंद्र पहुंचते ही नमी परीक्षण किया गया तथा तत्काल बारदाना उपलब्ध कराया गया। समिति द्वारा तौल प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से संपन्न की गई, जिससे किसानों में भरोसा और बढ़ा है। श्री तिर्की ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की किसान हितैषी नीतियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी और 3100 रुपये प्रति क्विंटल मूल्य मिलने से किसानों को वास्तविक लाभ मिला है। इससे उनकी आय में वृद्धि हुई है, परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और बच्चों की शिक्षा में भी सहयोग मिला है।

# नगरी में कमार जनजाति के बच्चों सहित 2200 से अधिक बच्चों का हुआ स्वर्ण प्राशन




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी 09 दिसंबर।** धमतरी जिले के वनांचल नगरी ब्लॉक के ग्राम सांकरा में आज आयुर्वेद, स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में वृहद स्वर्ण प्राशन, स्वास्थ्य जांच और बाल संदर्भ कैम्न का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देश में आयोजित इस कार्यक्रम में कमार जनजाति के बच्चों सहित कुल 2213 बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया गया। वहीं 609 हितग्राहियों को आयुर्वेद चिकित्सा और 201 हितग्राहियों को होम्योपैथिक उपचार से लाभान्वित किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 810 हितग्राहियों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और दवाईयां वितरित की गईं। इनमें 267 महिलाएं, 242 पुरुष, 145 बालक और 156 बालिकाएं शामिल हैं। इसी तरह महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल संदर्भ योजना के तहत कुपोषित एवं मध्यम कुपोषित बच्चों की स्वास्थ्य जांच कराई गई तथा बच्चों के पालकों को पूरक पोषण आहार और स्वास्थ्य जांच के लिए परामर्श आदि दी गई। जिले के अन्य केंद्रों में भी 1507 बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया गया। आयुर्वेद में वर्णित मुख्य 16 संस्कारों में स्वर्ण प्राशन को अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है। जैसे आधुनिक चिकित्सा में वैक्सीन द्वारा बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाई जाती है, ठीक उसी प्रकार आयुर्वेद में वैदिक काल से ही स्वर्ण प्राशन संस्कार को बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने की आयुर्वेदिक इम्यूनाइजेशन प्रक्रिया के रूप में अपनाया जाता रहा है।

कार्यक्रम में विधायक श्रीमती अंबिका मरकाम ने कहा कि आयुष विभाग, स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग ने समन्वय के साथ उत्कृष्ट कार्य किया है। उन्होंने ऐसे कार्यक्रमों के लिए शासन द्वारा आवश्यक आर्थिक सहयोग की भी बात कही। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरुण सार्वा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य है कि आयुर्वेद को देश की प्रथम चिकित्सा पद्धति के रूप में स्थापित किया जाए। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा गुजरात में ग्लोबल सेंटर ऑफ ट्रेडिशनल मेडिसिन की स्थापना इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी से सामूहिक प्रयासों द्वारा आयुर्वेद को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

कुपोषण मुक्त नगरी अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में आयुष विभाग ने महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर व्यापक तैयारी की। साथ ही जिले के 36 आयुष संस्थानों में प्रत्येक पुष्य नक्षत्र से स्वर्ण प्राशन प्रारंभ करने की घोषणा की गई। इस अवसर पर सभी अभिभावकों से नियमित रूप से बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराने की अपील की भी की गई। जिला आयुष अधिकारी श्री अवध पचौरी ने बताया कि आचार्य कश्यप सहित अन्य आयुर्वेदाचार्यों ने जिन द्रव्यों का उल्लेख किया है, वे बच्चों की पोषण क्षमता बढ़ाने, कुपोषण दूर करने तथा मन-मस्तिष्क के विकास के लिए उपयोगी माने गए हैं। स्वर्ण प्राशन के द्रवण में स्वर्ण भस्म, शुद्ध शहद, गाय का घी, अश्वगंधा, वचा, शंखपुष्पी और ब्राह्मी प्रमुख तत्व हैं। इस अवसर पर डॉ. रवीन्द्र वर्मा सहित स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी के बच्चे तथा स्कूली विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### शासन के पास धान खरीदी के लिये राशि की कमी इसलिए धान का लिमिट सीमित

# धान खरीदी लिमिट को बढ़ाया नहीं गया तो शासन के समर्थन मूल्य से धान विक्रय से वंचित होंगे हजारों किसान: सुशील शर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा 09 दिसंबर।** पूर्व मंडी अध्यक्ष एवं प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुशील शर्मा ने बताया की किसानों का खरीफ सीजन का धान खरीदी राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीदी 15नवम्बर से जारी हो चुका है इसी तारतम्य मे सोसायटी धान खरीदी केन्द्रों मे वास्तविक जमीनी स्थिति का पता लगाने ग्राऊण्ड रिपोर्टिंग हेतु ग्राम लेवई सोसायटी , सिंगारपुर सोसायटी, कोनी बंजर सोसायटी व निपनिया धान खरीदी केन्द्र के सोसायटीयों मे जाकर विभिन्न पहलुओं से अवगत होने को मिला जिसके कारण धरती पुत्र अन्नदाता किसानों को समर्थन मूल्य पर धान विक्रय को लेकर विभिन्न प्रकार के विसंगतियों का सामना करना पड रहा है

### किसानों का धान खरीदी लिमिट बढाये जाने कि मांग

ग्रामीण दौरे मे पहुंचे पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा से सोसायटी केन्द्रों मे उपस्थित किसानों ने उनसे अपनी समस्या रखते हुये धान खरीदी कि लिमिट बढाये जाने कि मांग शासन व प्रशासन स्तर रखने कि बात कही साथ ही खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के धान खरीदी केन्द्रों धान खरीदी का लिमिट एक दिन मे अलग सोसायटी केन्द्रों मे 1000से 9000क्विंटल प्रतिदिन का है जबकि सोसायटी कर्मचारियों से लिये गये जानकारी के अनुसार एक दिन मे 2500से 3000क्विंटल धान खरीदी कि क्षमता है परंतु धान खरीदी के लिमिट सीमित होने से कर्मचारी व हमाल फस्ट हाफके बाद खाली बैठे रहने को मजबूर हो

### धान खरीदी का लिमिट बढाने मे ही किसानों का उध्दार

पूर्व कृषि उपज मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने बताया कि खरीफविपणन वर्ष मे धान खरीदी का लिमिट नही बढाया जायेगा तो हजारों किसान समर्थन मूल्य मे धान विक्रय करने से वंचित हो सकते है उन्होंने निपानिया सोसायटी केन्द्र का उदाहरण पेश करते हुये बताया कि सोसायटी मे 65 हजार धान खरीदी का लक्ष्य है परंतु 23दिन गुजर जाने के बाद 1156क्विंटल धान कि ही खरीदी लिमिट सीमित होने के कारण किया जा सका है जबकि बचे 36 दिनों मे 54हजार क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य बाकी है जबकि 23 तारीख तक का टोकन कटा रखा है मोटा मोटा तौर पर जनवरी माह के 21दिन के वार्किंग डे मे 1839 क्विंटल धान खरीदी करना जरूरी होगा जबकि वर्तमान मे वह लिमिट ही नहीं रखा गया है

वही धान खरीदी मे लिमिट व टोकन विसंगति को शासन का किसानों के साथ सुनियोजित छलावा बताते हुये कहा कि शासन किसान हितेषी होने कि बडे बडे दावा करते है परंतु किसानों के साल भर के मेहनत परिश्रम के दाने दाने धान को लेने के लिये धान खरीदी लिमिट व टोकन विसंगति पर सुनियोजित छलावा किसानों के साथ किया जा रहा है अगर शासन द्वारा धान खरीदी का लिमिट नही बढाया जाता है तो हजारों किसानों समर्थन मूल्य पर धान विक्रय हेतु वंचित हो जायेंगे किसानों के हितार्थ कांग्रेस पार्टी सदेव संघर्ष करते आई है किसान के धान खरीदी हेतु यदि शासन दुवारा तत्काल ही सभी केन्द्रों में धान खरीदी की लिमिट नहीं बढ़ाया जाता किसानों के साथ जन आंदोलन किया जायेगा जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी प्रशासन की होगी।

# बारनवापारा अभयारण्य में जंगल सफारी, स्टे और टिकटिंग की ऑनलाइन सुविधा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 09 दिसंबर।** बारनवापारा वन्यजीव अभ्यारण्य को डिजिटल रूप से और अधिक सुलभ एवं आधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आज नया रायपुर में इसकी नई ऑनलाइन बुकिंग वेबसाइट bwsanctuary.com का लोकार्पण किया गया। यह शुभारंभ प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) श्री अरुण पांडेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर वनमण्डलाधिकारी बलौदाबाजार गणवीर धम्मशील तथा अधीक्षक बारनवापारा अभ्यारण्य कृषानू चन्द्राकार भी उपस्थित रहे। इस ऑनलाइन सुविधा के माध्यम से अब पर्यटक घर बैठे ही बारनवापारा जंगल सफारी की बुकिंग कर सकेंगे।बारनवापारा के पर्यटन ग्राम एवं देवहिल्स नेचर रिसॉर्ट में ठहरने के लिए भी ऑनलाइन बुकिंग कर सकेंगे। इस

प्लेटफ़ॉर्म पर टिकट उपलब्धता, सुरक्षित ऑनलाइन भुगतान एवं आगमन की पूरी प्रक्रिया को अत्यंत सरल और पारदर्शी बनाया गया है। इसके साथ ही बारनवापारा के पर्यटन ग्राम एवं देवहिल्स नेचर रिसॉर्ट में ठहरने (स्ह्लड्ड4) की ऑनलाइन बुकिंग सुविधा भी वेबसाइट में उपलब्ध है, जिससे पर्यटकों को सफारी, आवास और पर्यटन संबंधी सभी सेवाएँ एक ही प्लेटफ़ॉर्म पर सुगमता से प्राप्त होंगी। नई वेबसाइट आधुनिक तकनीक से तैयार की गई है तथा मोबाइल फ्रेंडली इंटरफ़ेस होने के कारण इसका उपयोग यात्रियों के लिए बेहद सहज रहेगा। वेबसाइट में फर्जी बुकिंग पर प्रभावी रोक, सटीक रिकॉर्ड-प्रबंधन तथा वन विभाग को बुकिंग डेटा की वास्तविक समय में निगरानी की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। इसके अतिरिक्त व्हाट्सऐप आधारित हैसल-फ्री टिकटिंग की सुविधा भी जोड़ी गई है, जिससे पर्यटक और भी आसानी से बुकिंग कर सकेंगे।

# गाइडलाइन दरों में किये गये बड़े जनहितैषी सुधार: ओपी चौधरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर 09 दिसंबर।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में समग्र छत्तीसगढ़ के विकास के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा रहे है। इसी दिशा में राज्य में लागू नवीन गाइडलाइन दरों के संबंध में विभिन्न हितधारकों से सुझाव, ज्ञापन एवं प्रस्ताव प्राप्त हुए। जिन पर विचार कर महत्वपूर्ण फैसले लिए गए है। प्रदेश के वित्त मंत्री श्री चौधरी ने बताया कि नगरीय क्षेत्र में 1400 वर्ग मीटर तक भूखंडों के इंक्रीमेंटल आधार पर गणना के प्रावधान को समाप्त करते हुए पूर्व प्रचलित उपबंध अनुसार नगर निगम क्षेत्र में 50 डेसिमल तक, नगर पालिका में 37.5 डेसिमल तक, और नगर पंचायत में 25 डेसिमल तक स्लैब दर से मूल्यांकन के प्रावधान को यथावत लागू किए जाने का निर्णय लिया गया। वहीं बहुमंजिला भवनों में फ्लैट, दुकान, कार्यालय अंतरण होने पर सुपर बिल्ट अप एरिया के आधार पर बाजार मूल्य की गणना के प्रावधान को विलोपित किए जाने का निर्णय लिया गया। अब इनमें बिल्ट अप एरिया के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा। यह प्रावधान मध्य प्रदेश के समय से चला आ रहा था और राज्य में वर्टिकल डेवलपमेंट के लिए इसकी मांग लंबे समय से आ रही थी। इससे नगर योजना में भूमि का बेहतर उपयोग सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि बहुमंजिला भवन एवं कमर्शियल कॉम्प्लेक्स में बेसमेंट एवं प्रथम तल पर 10 प्रतिशत कमी, द्वितीय तल एवं उससे ऊपर के तल पर 20 प्रतिशत कमी के साथ मूल्यांकन किया जाएगा। इससे मध्यम वर्ग को किफायती दर पर फ्लैट मिल पाएंगे। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि कमर्शियल कॉम्प्लेक्स में 20 मीटर पश्चात् स्थित संपति के लिए भूखंड की दर में 25 प्रतिशत कमी कर मूल्यांकन किया जाएगा। 20 मीटर दूरी की गणना कॉम्प्लेक्स के मुख्य मार्ग की ओर से निर्मित भाग से की जाएगी। जिला मूल्यांकन समिति द्वारा गाइडलाइन दरों के पुनरीक्षण के प्रस्ताव केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड को भेजे जाते हैं जिनका विश्लेषण कर केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड नवीन गाइडलाइन दरें जारी करता है।

# जिले की पंचायतों में लगाए गए क्यूआर कोड को स्कैन करने से मिलेगी अब मनरेगा कार्यों की जानकारी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,09 दिसंबर।** जिले में प्रत्येक माह की 7 तारीख को आयोजित होने वाला 'रोजगार दिवस' इस बार डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में सामने आया। मनरेगा अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के पंचायतों में क्यूआर कोड लगाए गए जिसके माध्यम से ग्रामीण अब अपनी पंचायतों में चल रहे मनरेगा कार्यों की जानकारी सीधे अपने मोबाइल फोन से क्यूआर कोड स्कैन कर प्राप्त कर सकेंगे।कार्यक्रम सके दौरान ग्राम पंचायत भवनों में चस्पा किए गए क्यूआर कोड की कार्यप्रणाली और उपयोगिता के बारे में ग्रामीणों को समझाया गया। ग्रामीण अब क्यूआर कोड स्कैन कर स्वीकृत कार्यों का विवरण देख सकते हैं। इससे उन्हें पारदर्शिता, रोजगार जानकारी, डिजिटल सुविधा और शिकायत निवारण जैसे अनेक लाभ मिलेगा। अब ग्रामीण मनरेगा परियोजनाओं की स्थिति, स्वीकृत बजट और प्रगति की जानकारी तुरंत प्राप्त कर सकते हैं।इसके अतिरिक्त क्यूआर कोड के माध्यम से हेल्पलाइन और शिकायत पोर्टल तक सीधी पहुंच सुनिश्चित की गई है, जिससे ग्रामीण अपनी समस्याएं आसानी से दर्ज कर सकते हैं। रोजगार दिवस में आजीविका डबरी हेतु अधिक से अधिक आवेदन प्राप्त कर सूची तैयार करते हुए स्वीकृति हेतु प्रस्ताव प्रेषित करने कहा गया। वर्तमान में जिले के 482 ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजनान्तर्गत 3922 कार्य संचालित है।

# संयुक्त टीम ने बिचौलिए से 287 बोरी अवैध धान सहित 110 नए बारदाने किए जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार,09 दिसंबर।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार राजस्व विभाग, खाद्य विभाग एवं मंडी की संयुक्त टीम द्वारा कोचिये और बिचौलिए पर कड़ी निगरानी की जा रही है। सोमवार को राजस्व अनुभाग भाटापारा, सिमगा एवं पलारी में बिचौलिए से 287 बोरी अवैध धान एवं 110 नग बारदाना जब्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुभाग भाटापारा में राजस्व एवं खाद्य की संयुक्त टीम ने ग्राम खैरी आर के फुटकर व्यवसायियों का औचक निरीक्षण किया। जिसमें रमेश किराना के द्वारा बिना लाइसेंस नवीनीकरण किए अवैध रूप से 50 कट्टा धान खरीद कर जमा किया था। जिसे जब्त कर सचिव ग्राम पंचायत खैरी आर को सुपुर्द किया गया। सिमगा तहसील अंतर्गत ग्राम में बनसांकरा धान खरीदी समिति अध्यक्ष सुनील नायक एवं पुरुषोत्तम नायक के गोदाम से समिति के नए बारदाने में रखे गए क्रमशः 40 बोरे, 20 बोरे धान तथा लगभग 110 नए खाली बारदाने को जब्त कर सहकारी समिति चौरेंगा (चंदेरी) को सुपुर्द किया।.इसी तरह एसडीएम पलारी, नायब तहसीलदार एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम गुमा निवासी कृष्णा वर्मा से 177 बोरी अवैध धान जब्त कर ग्राम कोटवार के सुपुर्द किया गया।

# जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने किया वार्षिक चांदमारी आयोजन

**बलौदाबाजार 09 दिसंबर।** ग्राम हटौद फायरिंग रेंज में वार्षिक चांदमारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा सम्मिलित होकर एके-47, इंसास एसएलआर एवं 9 एमएम पिस्टल के माध्यम से फायरिंग में अपना हाथ आजमाया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा कहा गया कि जिले में प्रत्येक वर्ष वार्षिक चांदमारी का आयोजन किया जाता है, जिसमें पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों की फायरिंग की कुशलता एवं दक्षता को और अधिक प्रभावी करने हेतु विभिन्न स्वचालित हथियारों से टारगेट निर्धारण कर फायरिंग का अभ्यास किया जाता है। आयोजित वार्षिक चांदमारी कार्यक्रम में श्रीमती भावना गुप्ता के साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक सिंह, हेमसागर सिदार, उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती निधि नाग, श्री कौशल किशोर वासनिक, सुश्री अपूर्वा क्षत्रीय, श्री राजेश श्रीवास्तव, अमृत कुजूर द्वारा भी फायरिंग कर टारगेट पर निशाना साधा गया। इस दौरान आज आयोजित वार्षिक चांदमारी कार्यक्रम में राजपत्रित अधिकारियों सहित कुल 94 की संख्या में पुलिस अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए।



# विश्वविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता का कुलपति ने खेल ज्योति प्रज्ज्वलित कर किया शुभारंभ

**रायपुर, 09 दिसम्बर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने कहा है कि हर खिलाडी में एक चैम्पियन होता है, बस उस चैम्पियन का प्रोत्साहित करने और उसे बाहर लाने की जरूरत होती है। उन्होने कहा कि खेल-कूद प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में छिपे चैम्पियन को बाहर लाने में मददगार होती हैं। डॉ. चंदेल ने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों में अंतर्निहित खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। डॉ. चंदेल आज यहां कृषि विश्वविद्यालय के स्पोर्टस काम्प्लेक्स में विश्वविद्यालयीन खेल-कूद प्रतियोगिता 2025 का शुभारंभ कर रहे थे। कुलपति डॉ. चंदेल ने खेल ज्योति प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले चारों जोन की टीमों में शामिल खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ भी दिलाई।




विश्वविद्यालयीन खेल-कूद प्रतियोगिता - 2025 में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के पूर्व, पश्चिम, उत्तर एवं दक्षिण जोन के अंतर्गत आने वाले समस्त महाविद्यालयों के 160 प्रतिभागी शामिल हुए हैं। 08 से 11 दिसम्बर, 2025 तक आयोजित होने वाली इस तीन दिवसीय विश्वविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत विभिन्न क्रीड़ा स्पर्धाओं का आयोजन किया जा रहा है। इस विश्वविद्यालय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत व्यक्तिगत स्पर्धाओं में लम्बी कूद, ऊंची कूद, ट्रिपल जंप, भाला फेंक, गोला फेंक, डिस्क थ्रो, 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, हर्डल दौड़ तथा 4ग100 मीटर एवं 4ग400 मीटर रिले दौड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। सामूहिक स्पर्धाओं के अंतर्गत वॉलीबाल, खो-खो, कबड्डी, बैडमिंटन तथा टेबल टेनिस स्पर्धाओं का आयोजन किया जा रहा है।

# लोकतंत्र के मंदिर में बस्तर के विकास पर हुई चर्चा: महेश कश्यप

**रायपुर 09 दिसंबर।** लोकसभा में चर्चा के दौरान बस्तर सांसद महेश कश्यप ने बस्तर क्षेत्र के युवाओं के भविष्य से जुड़ा एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय सदन में उठाया। उन्होंने युवा कार्यक्रम एवं खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे से प्रश्न करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) जैसी राष्ट्र निर्माण से जुड़ी योजनाओं को बस्तर के दूरस्थ, वनांचल और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में और अधिक प्रभावी ढंग से लागू किया जाना चाहिए, ताकि वहां के युवा भटकाव से बचकर मुख्यधारा में लौट सकें और देश के विकास में सक्रिय भागीदारी निभा सकें। बस्तर सांसद श्री कश्यप ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को अनुशासन, नेतृत्व, सेवा और राष्ट्रभक्ति की भावना से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है, किंतु बस्तर जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में इसका प्रभाव अपेक्षाकृत कम दिखाई देता है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि इन क्षेत्रों को प्राथमिकता देते हुए विशेष कार्ययोजना तैयार की जाए, जिससे एनएसएस के माध्यम से स्थानीय युवाओं को शिक्षा, कौशल और स्वयंसेवा से जोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय युवा कोर (एनवाईसी) योजना के क्रियान्वयन को लेकर भी केंद्र सरकार से विस्तृत जानकारी मांगी। उन्होंने देश के विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में वर्तमान में कार्यरत राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों की संख्या, उनके प्रशिक्षण, पर्यवेक्षण तथा निगरानी व्यवस्था से संबंधित विवरण मांगा।

## पं.बंगाल में मस्जिद-मंदिर के बाद गीता-कुरान पाठ

पं.बंगाल में विधानसभा चुनाव अगले साल के पहले या दूसरे महीने में होना है। इसके लिए अभी से राजनीतिक दलों ने धुव्रीकरण की तैयारी कर ली है। एक तरफ वोटों के ध्रुवीकरण की तैयारी चल रही है तो दूसरी तरफ सेकुलर राजनीति व सांप्रदायिक राजनीति के आरोप प्रत्यारोप भी एक दूसरे पर लगाए जा रहे हैं। पं.बंगाल में मुख्य मुकाबला टीएमसी व भाजपा के बीच है। दोनों तरफ से चुनाव जीतने की तैयारी शुरू हो गई है। टीएमसी खुद को सेकुलर राजनीति करने वाली प्रचारित कर रही है तो वह भाजपा को सांप्रदायिक राजनीति करने वाली बता रही है। वैसे माना जाता है कि किसी एक राज्य में उठाया गया मुद्दा दूसरे राज्य के चुनाव में काम नहीं आता है,राजनीतिक दल उसे उठाते भी नहीं है। पं.बंगाल में कोई प्रमुख राजनीतिक दल नहीं एक दल का बागी नेता बाबरी मस्जिद का प्रतिकृति बनाने के लिए नींव रखने की घोषणा कर की। यानी यूपी के बाबरी मस्जिद के नाम पर पं.बंगाल में वोटों के ध्रुवीकरण की कोशिश की जा रही है। टीएमसी केबागी नेता हुमायूं कबीर टीएमसी के नेता हैं, उन्होंने बाबरी मस्जिद की प्रतिकृति बनाने की घोषणा की तो जवाब में हिंदू समाज के लोगों ने भी राम मंदिर की प्रतिकृति बनाने की घोषणा की है। यानी राजनीतिक तौर पर नहीं लेकिन समाज के तौर पर मस्जिद के जवाब में राम मंदिर बनाने की घोषणा का सीधा मतलब है कि इस बार चुनाव के पहले धर्म के नाम पर वोटो के ध्रुवीकरण की तैयारी है। कहने को ममता बैनर्जी ने हुमायूं कबीर को बाबरी मस्जिद की नींव रखने के कारण पार्टी से निलंबित कर दिया है और ममता बैनर्जी ने कहा है कि उनकी पार्टी सांप्रदायिक राजनीति के खिलाफ है यानी टीएमसी सेकुलर राजनीति करती है। टीएमसी का विधायक सांप्रदायिक राजनीति कर रहा है, उसका मकसद चुनाव में मुसलमानों के वोट को एकजुट मुस्लिम बहुल इलाकों में ज्यादा सीटे जीतकर पं. बंगाल की राजनीति में अपने राजनीतिक कद को ऊंचा करना है, यह काम पहले टीएमसी की सुप्रीमो ममता बैनर्जी करती रही है। वह मुसलमानों को खुश करने के लिए वक्फ के नया कानून का पं. बंगाल में लागू नही करने की घोषणा की थी लेकिन हाल ही में उन्होंने इसे लागू कर दिया है। स्वाभाविक है कि इससे मुसलमान नाराज होंगे तो उन्होंने अपने खास विधायक हुमायूं कबीर को मुसलमानों को खुश करने के लिए, एकजुट करने के लिए लगा दिया है। दूसरी तरफ खुद चंडी पाठ करके, नवरात्रि मंडपों को ज्यादा पैसा देने, जगन्नाथ मंदिर बना कर हिंदुओं को भी यह बताने की कोशिश की है कि वह हिंदू हैं और हिंदुओं का भी पूरा ख्याल रखती हैं। ममता को चुनाव जीतने के लिए हिंदुओं व मुसलमानों दोनों के वोट चाहिए। पहले उसको इसमें कोई दिक्कत नहीं होती थी, क्योंकि वह जानती थी कि हिंदुओं को वोट तो उसे परंपरागत रूप से मिलता रहा है, जरूरत मुसलमान वोटों के लिए कोशिश करने की है और वह मुसलमानों को आरक्षण आदि के नाम पर खुश कर वोट हासिल कर लेती थी। इस बार राज्य में चुनाव के पहले ही मस्जिद व मंदिर के नाम पर वोटो का ध्रुवीकरण शुरू कर दिया गया है। मस्जिद की नींव के नाम पर जुटी भीड़ से साफ है कि हुमायूं कबीर का दांव चल गया है, इसकी प्रतिक्रिया में हिंदू समाज के लोगों ने राम मंदिर बनाने की घोषणा कर हिंदुओं को एकजुट करने का प्रयास शुरू कर दिया है। कोलकाता के गीता पाठ में पांच लाख हिंदुओं के जुटने से साफ है कि वह भी धर्म के नाम पर एकजुट हो रहे हैं। कार्यक्रम भले ही धार्मिक हो लेकिन लक्ष्य तो हिंदुओं को एकजुट करना है और हिंदू एकजुट होते हैं तो इसका राजनीतिक लाभ भाजपा को होगा और नुकसान ममता को होगा। कोलकाता के गीता पाठ के जवाब में हुमायूं कबीर ने कुरान पाठ कराने की घोषणा की है तो समझा जा सकता है कि दोनों तरफ से होड़ लगी है अपने धर्म के लोगों को एकजुट करने की और उसका राजनीतिक लाभ उठाने की। सब जानते हैं कि इस देश में न तो पहले गीता पाठ का इतना बड़ा आयोजन होता था और न ही कुरान पाठ का आयोजन किया जाता था, लोग अपने घरों में मस्जिद व मंदिरों में इसका पाठ करते थे। अब जब धर्म के नाम पर समाजों को एकजुट किया जा रहा है तो प्रतीक रूप में कहीं बाबरी मस्जिद, कहीं राममंदिर तो कभी गीता पाठ, कभी कुरान पाठ के नाम पर भी लोगों को एकजुट करने का प्रयास किया जा रहा है और इसका राजनीतिक लाभ उठाने का प्रयास किया जा रहा है।

# बंगाल में उभरते हिन्दू स्वरों में बदलते राजनीतिक समीकरण

**राजनीति**

**ललित गर्ग**




पश्चिम बंगाल इन दिनों धार्मिक और राजनीतिक उफान का केंद्र बना हुआ है। बाबरी मस्जिद विवाद को लेकर मुस्लिम संगठनों और राजनीतिक समूहों की सक्रियता के बीच हिन्दू धर्मगुरुओं एवं संगठनों की मोर्चाबंदी ने क्या हिंदू क्रांति का शंखनाद किया है? क्या यह आगामी विधानसभा चुनावों में हिंदू वोटों को एकत्र करने का नया एजेंडा है, या पश्चिम बंगाल में लगातार हिन्दुओं पर हो रहे हमलों, उनको कुचलने की कुचेष्टाओं एवं मुस्लिम तुष्टीकरण का माकुल जबाव है। बाबा बागेश्वर धाम-धीरेन्द्र शास्त्री सहित अनेक हिंदू धर्मगुरुओं के प्रवचनीय हस्तक्षेप, लाखों लोगों द्वारा सामूहिक गीता पाठ और संतों की हुंकार से एक नई चेतना आकार लेती दिखाई दे रही है। यह उभार महज आस्था का नहीं, बल्कि पहचान, सुरक्षा और गौरव के भावों का उभार है।

पश्चिम बंगाल में बाबरी मस्जिद पुनर्निर्माण का मुद्दा उठाना मानो एक सोए हुए राक्षस को जगाने जैसा है, क्योंकि यह केवल एक मस्जिद का प्रश्न नहीं बल्कि देश की एकता, अखंडता और सांप्रदायिक सौहार्द की कसौटी है। सदियों से चला आ रहा बाबरी विवाद भारत की सामाजिक चेतना पर गहरे जख्म छोड़ चुका है-जिसने राजनीति को उग्र बनाया, समुदायों को बाँटा और नफरत व हिंसा के बीज बोए। ऐसे समय में जब राष्ट्र विभिन्न संकटों से जूझ रहा है, इस विवाद को नए भूगोल में स्थानांतरित कर हवा देना सामाजिक सामंजस्य एवं राष्ट्रीय एकता के लिए घातक हो सकता है। सद्भाव और शांति की बुनियाद पर खड़े भारत को ऐसे मुद्दों की आवश्यकता है जो एकता को मजबूत करें, न कि पुराने घाव कुरेदकर समाज में तनाव और अविश्वास पैदा करें। अतः आवश्यक है कि नेतृत्व इस संवेदनशील विषय को विवेक, संवाद और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखकर संभाले, ताकि भारत का बहुलतावादी चरित्र और साझा सभ्यता सुरक्षित रह सके।

निश्चित ही बाबरी मस्जिद विवाद को हवा देकर कुछ मुस्लिम संगठनों और राजनीतिक वर्गों ने तनाव का वातावरण खड़ा किया है। इन दो समानांतर धाराओं की टकराहट ने बंगाल को विमर्श के केंद्र में ला दिया है कि क्या राज्य में हिंदू संगठित होकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की हिन्दू-विरोधी साजिशों एवं षडयंत्रों का अंत चाहते हैं? बंगाल परंपरा से बौद्धिक और सांस्कृतिक बहुलता का प्रदेश रहा है, लेकिन हाल के वर्षों में हिंदू सामाजिक मानस में एक बदलाव दिख रहा है। ''गजवा हिंद'' के प्रलापों के प्रतिकार में ''भगवा हिंद'' का संकल्प उभर रहा है। पांच लाख से अधिक हिंदुओं द्वारा एक साथ गीता पाठ करना इसी उभार का संकेत है, जिसमें धर्म प्रदर्शन शक्ति और अस्मिता के रूप में सामने आता है। साध्वी ऋतंभरा के वक्तव्यों ने इस उभार को एक नया स्वर दिया है। उनका स्पष्ट कथन कि ''यह धरती प्रभु श्रीराम की है और श्रीराम की ही रहेगी'' बंगाल सहित पूरे देश के हिंदू मानस में गूंज रहा है। यह कथन सिर्फ आस्था की घोषणा नहीं, बल्कि सांस्कृतिक अधिकार और आधिपत्य की अनुभूति का उद्घोष है। उनके भाषणों में उभरती चेतावनी है कि यदि हिंदू अपनी संस्कृति, परंपरा और मंदिरों की रक्षा के लिए नहीं उठे तो इतिहास स्वयं उनसे जवाब मांगेगा।

इस पृष्ठभूमि में बाबरी विवाद का पुनर्स्मरण राजनीति का साधन भी प्रतीत होता है। मुस्लिम संगठनों द्वारा इसकी मांगों को आगे बढ़ाना और नेताओं द्वारा इसे मुद्दा बनाना निश्चित ही सामाजिक भावना को चुनौती देता है। इसका प्रतिउत्तर धार्मिक मंचों से आया है, जहां प्रवचनों और सभाओं ने इसे हिंदू गौरव और अस्तित्व के प्रश्न के रूप में चित्रित किया है। ऐसे में यह कहना असंगत नहीं कि बंगाल की जमीन पर हिंदू पहचान की राजनीति तेजी से आकार ले रही है और हिन्दू धर्मगुरुओं के स्वर इसे वैचारिक ऊर्जा प्रदान कर रहे हैं। उनका यह कथन कि ''राम का नाम अनंत है, पर पुरुषार्थ के बिना सिर्फ नाम से रामराज्य नहीं आएगा'' एक सीधा संकेत है कि हिंदू समाज को संगठित, सक्रिय और आत्मनिर्भर होना होगा।

इस व्यापक परिदृश्य का मुख्य केंद्रबिंदु राजनीति है। क्या यह सब आगामी विधानसभा चुनावों का संकेत है? बंगाल की राजनीति लंबे समय से मुस्लिम मतदाताओं की निर्णायक भूमिका के आसपास घूमती रही है और ममता बनर्जी ने मुस्लिम समाज के भरोसे को अपने समर्थन की नींव बनाया है। परंतु यदि हिंदू मतदाता नए सांस्कृतिक उभार से प्रेरित होकर एकजुट होते हैं, तो पहली बार बंगाल की सत्ता-समीकरण बदल सकते हैं। भाजपा और संघ परिवार का प्रयास भी इसी दिशा में है कि धार्मिक सम्मेलनों को राजनीतिक चेतना का मंच बनाकर हिंदू अस्मिता को वैचारिक शक्ति प्रदान करना। भाजपा, आरएसएस, विश्व हिंदू परिषद और धार्मिक प्रवचनीय हस्तक्षेपों द्वारा बंगाल में हिंदू एकता और पहचान को जागृत करने की रणनीति अपनाई जा रही है। इस राजनीतिक परिपाटी में बाबा बागेश्वर जैसे मंच प्रभावी भूमिका निभा रहे हैं, धर्म-सम्मेलनों को राजनीतिक चेतना की पाठशाला में बदला जा रहा है। साध्वी ऋतंभरा का बंगाल में सक्रिय होना उसी रणनीति की कड़ी है, क्योंकि उनका सशक्त भाषण हिंदू भावनाओं को झकझोरता है। बंगाल जिसकी पहचान बौद्धिक विनम्रता, कविता, महात्म्य और सहिष्णुता से जुड़ी रही है, वह अब टकराव, ध्रूवीकरण और प्रतिआक्रामकता की ओर बढ़ता दिख रहा है। हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों में भावनात्मक आवेश बढ़ रहा है और नेताओं द्वारा इस माहौल को चुनावी लाभ के लिए साधने की त्रासद कोशिशें तेज हैं। यह परिस्थिति बंगाल के सामाजिक ताने-बाने के लिए चुनौतीपूर्ण है।फिर भी एक बात निर्विवाद है-बंगाल में एक नई चेतना, एक नई आकांक्षा जन्म ले रही है। यह पूर्ण क्रांति है या क्रांति का शंखनाद, यह कहना अभी जल्दबाजी होगा, परन्तु प्रारंभिक संकेत स्पष्ट हैं। हिंदू पहचान की राजनीति बंगाल में निर्णायक होती जा रही है, मुस्लिम वोट-बैंक की राजनीति पहली बार चुनौती में दिखाई दे रही है और ममता बनर्जी की सत्ता को सांस्कृतिक विरोध का नया मोर्चा मिला है। अब यह समय बताएगा कि यह उभार सत्ता बदलता है या सामाजिक संवाद को बदलता है। लेकिन इतना तो तय है कि बंगाल की राजनीति अब केवल विकास, योजनाओं और नेतृत्व की नहीं, बल्कि पहचान, इतिहास और प्रभुत्व की राजनीति बन चुकी है। यही कारण है कि धार्मिक मंचों की आवाज़ें चुनावी मैदान की धड़कन बन रही हैं। बंगाल अपने निर्णायक मोड़ पर खड़ा है-जहाँ राम का दावा और राम की भूमि का संकल्प राजनीति, समाज और भविष्य तीनों को प्रभावित करने वाला तत्व बन चुका है।



न केवल मुस्लिम तुष्टिकरण बल्कि भ्रष्टाचार से लेकर मनमर्जी एवं तानाशाही का शासन चलाना मुख्यमंत्री ममता बनर्जी प्रक्रिया बन गयी है। ममता वोट बैंक की राजनीति के लिये कानून की धज्जियां बार-बार उड़ाती रही है। ममता बनर्जी का एकमात्र लक्ष्य मुसलमानों के वोट बैंक को बरकरार रखना रह गया है। मुद्दा चाहे रोहिंग्या मुसलामानों के अवैध प्रवेश का हो या फिर बांग्लादेशियों का या अब बाबरी मस्जिद का। इसके लिए ममता ने देश की एकता-अखंडता और सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को नजरअंदाज किया है, कानून से खिलवाड़ जितना पश्चिमी बंगाल में हुआ है उतना शायद ही देश के किसी दूसरे राज्यों में हुआ हो। तृणमूल कांग्रेस हिन्दुओं को पश्चिम बंगाल में सेकेंड क्लास सिटिज़न एवं अल्पसंख्यक बनाना चाहती है। मुस्लिम तुष्टीकरण की उसकी सोच एवं नीति न केवल उनके घोषणा-पत्रों में बल्कि उनके बयानों में स्पष्ट झलकती रही है। ममता ने मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति की है, तृणमूल कांग्रेस का एकतरफा रवैया हमेशा से समाज को दो वर्गों में बांटता रहा है एवं सामाजिक असंतुलन तथा रोष का कारण रहा है। बदले हुए राजनीतिक हालात इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि किसी भी एक वर्ग की अनदेखी कर कोई भी दल राजसत्ता का आनंद नहीं उठा सकता। पश्चिम बंगाल में जो चल रहा है वह महज 'बागेश्वर बनाम बाबरी विवाद' नहीं है, यह सांस्कृतिक-धार्मिक पुनर्स्थापन की कोशिश बनाम राजनीतिक मुस्लिम केंद्रवाद की प्रतिस्पर्धा है। अभी के लिए, बंगाल की जमीन पर धर्म, राजनीति और पहचान का नया त्रिकोण उभर चुका है और वही आने वाले समय में बंगाल की राजनीतिक दिशा, सामाजिक संबंधों और सत्ता के समीकरणों को आकार देगा।

## सू- दोकू क्र. 253

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.252 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |

## शब्द सामर्थ्य -253

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भुत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 252 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ढ़ा | मे | ढ़ा | | म | हा | र | त |
| क | | ह | | | | | ज | न |
| | जा | न | की | | क | म | नी | य |
| | | त | म | क | ना | | | |
| म | | | त | ह | त | | दा | ब |
| सी | मा | | | ला | | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | | वा | | च |
| | | द | | | घा | ल | मे | ल |
| | ब | द | ह | वा | स | | | न |

## राशिफल

मेष राशिः आज का दिन आपके लिए निवेश संबंधी मामले में अनुकूल रहने वाला है, क्योंकि आप आज शेयर मार्केट आदि में इन्वेस्टमेंट करने की प्लानिंग करेंगे और प्रॉपर्टी को लेकर भी कोई डील फाइनल हो सकती है। आपका कोई पुराना लेनदेन चुकता होगा और आप अपने आसपास रह रहे लोगों को पहचान कर चलें। आप अपनी किसी परिजन के घर मेल-मिलाप करने जा सकते हैं। किसी पैतृक संपत्ति से भी आपको धन लाभ होता दिख रहा है।

वृष राशिः आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपके घर किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। विद्यार्थी किसी प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं, जिसमें उन्हें जीत अवश्य मिलेगी। आपको बाहर के खाने पीने से परहेज रखने की आवश्यकता है। माताजी के आपकी किसी बात को लेकर खटपट हो सकती है। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा और बेवजह की भागदौड़ अधिक रहेगी।

मिथुन राशि : आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है, लेकिन आप किसी की काम को लेकर योजना बनाकर चलें, क्योंकि आपकी सेहत में कोई गड़बड़ी हो सकती है। पार्टनरशिप में कोई काम करना आपको नुकसान देगा, इसलिए आज आप किसी पर आंख मूंदकर भरोसा ना करें। आपके कुछ शत्रु मित्र के रूप में हो सकते हैं, जिन्हें आपको पहचानने की आवश्यकता है। आपकी कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी।

कर्क राशिः आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपकी कोई डील यदि लंबे समय से अटकी हुई थी, तो उसके भी फाइनल होने की संभावना है। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी और आपका विश्वास भी मजबूत रहेगा। पढ़ाई लिखाई पर आपका पूरा फोकस रहेगा। आप अपनी इनकम को लेकर थोड़ा सावधान रहें और किसी को धन उधार देने से बचें। आप आज किसी पिकनिक आदि पर जाने की योजना बना सकते हैं।

सिंह राशिः आज का दिन आपके लिए आय और व्यय में संतुलन बनाकर चलने के लिए रहेगा। परिवार के सदस्यों के साथ आप समय बिताएंगे और आप जीवनसाथी से कुछ जरूरी मुद्दों को लेकर बातचीत कर सकते हैं, लेकिन सांसारिक सुखभोग के साधनों में वृद्धि होगी। यदि पारिवारिक मामलों में किसी बात को लेकर कोई कड़वाहट चल रही थी, तो उसे भी आप मिल बैठकर दूर करेंगे। कोई सरकारी काम यदि लंबे समय से रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है।

कन्या राशिः आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा। बिजनेस में आपको अच्छा लाभ मिलेगा। परिवार में किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी। आपको अपने किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लग सकती है। आपको अच्छे कामों के लिए कोई पुरस्कार भी मिल सकता है। भाईचारे की भावना आपके मन में बनी रहेगी।

तुला राशिः आज का दिन आपके लिए इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा। आज आपके काम में कुछ गुप्त शत्रु उत्पन्न होंगे, जो आपकी समस्याओं को बढ़ाएंगे। जो विद्यार्थी विदेश जाकर पढ़ाई करना चाहते हैं, उन्हें कोई अच्छा अवसर हाथ लगेगा। राजनीति में आपको आपके कामों के लिए किसी सम्मान की प्राप्ति भी हो सकती हैं। आपको अपने किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लगने से आपका मन परेशान रहेगा। आपको अपनी वाणी और व्यवहार में मधुरता बनाए रखनी होगी।

वृश्चिक राशिः आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको छुटपुट लाभ की योजनाओं पर पूरा ध्यान देना होगा। आप कहीं घूमने-फिरने जाने के प्लानिंग करेंगे। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। आपको अपने किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लगने से आपका मन परेशान रहेगा। आप किसी से कोई लेनदेन बहुत ही सोच समझकर करें। यदि आप अपने कामों को लेकर किसी दूसरे पर डिपेंड न रहें, तो वह उनकी समस्याओं को बढ़ा सकते हैं।

धनु राशिः आज का दिन आपके लिए प्रभाव और प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है। जीवनसाथी को आप कही घूमाने-फिराने लेकर जा सकते हैं। आपके सामने कुछ अनचाहे खर्च आ सकते हैं, जो आपको मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ेंगे। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा। आज आपकी किसी बात को लेकर कहासुनी हो सकती है। नौकरी में कार्यरत लोगों को थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है।

मकर राशिः आज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रहने वाला है। रोजगार के तलाश में इधर-उधर भटक रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी। वरिष्ठ सदस्यों का सहयोग आप पर बना रहेगा। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जाने की तैयारी कर रहे हैं, तो वह कर सकते हैं। यदि आपने व्यवसाय में किसी काम को लेकर पार्टनरशिप की, तो वह भी दूर होगी। जो जातक सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे हैं, उन्हें कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा।

कुंभ राशिः आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको किसी बात को लेकर क्रोध करने से बचना होगा। आपको अपने काम को लेकर योजना बनाकर चलना होगा। बिजनेस में अकस्मात धन लाभ मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको अपने संतान से किए हुए वादे को पूरा करना होगा। यदि आपने किसी काम को लेकर कोई जोखिम लिया, तो बाद में इसमें आपको समस्या खड़ी हो सकती है।

मीन राशिः आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। यदि आपको कोई शारीरिक समस्या लंबे समय से घिरे हुए थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है और आपको किसी कानूनी मामले में अच्छा खासा खर्च करना होगा, उसके बाद ही आपको सफलता हासिल होगी। आपको बिजनेस में मुताबिक काम मिल सकता है। आपको मन मुताबिक काम मिलने से खुशी होगी। आपकी किसी लिए गए निर्णय को लेकर आपको पछतावा हो सकता है। भाईचारे की भावना आपके मन में बनी रहेगी।

**10 दिसंबर मानव अधिकार दिवस**

# मानवाधिकारों को पाठ्यक्रम में शामिल करने की है जरूरत

**डॉ.सूर्यकांत मिश्रा**

मनुष्य को कानूनी रूप से प्राप्त अधिकारों को मानवाधिकार के नाम से जाना जाता है । ये ऐसे नैतिक अधिकार हैं जो दुनिया के प्रत्येक व्यक्ति को केवल इस आधार पर प्रदान किए गए हैं कि वे मनुष्य हैं । इन अधिकारों को जाति, लिंग या किसी अन्य आधार पर भेदभाव से दूर रखा गया है । देश और प्रदेश की कोई भी सत्तासीन सरकार हमारे मानवाधिकारों को कभी नहीं छीन सकती है । अपने मानवाधिकारों के संबंध में किसी भी प्रकार का उल्लंघन होने पर हम नैतिक दावा कर सकते हैं । ये ऐसे अधिकार हैं जो मानवता की रक्षा और संरक्षण के लिए आवश्यक माने गए हैं । इन्हें इसलिए जरूरी माना गया है कि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रत्येक व्यक्ति सम्मान पूर्वक और एक मनुष्य के योग्य जीवन जी पा रहा है । मानवाधिकार की विशेषता है कि वे अपराधी से लेकर राष्ट्रध्यक्ष के साथ समान रूप से व्यवहार करते हैं । मानवीय गरिमा के संदर्भ में किसी के अधिकारों का उल्लंघन समाज के लिए खतरा पैदा कर सकता है । यही कारण है कि मनुष्यों की रक्षा के लिए उनके अधिकारों को किसी न किसी तरीके से

सीमित करने की आवश्यकता हो सकती है । मनुष्य होने के नाते हमें न केवल अपने दैनिक जीवन में दूसरों के अधिकारों का सम्मान करना चाहिए बल्कि अपनी सरकारों और दूसरों पर भी की नजर रखनी चाहिए । सुरक्षात्मक कवच हम सबके लिए मौजूद हैं यदि हम उनका कानून के दायरे में रहकर उपभोग करें ।

मौलिक मानवाधिकार सार्वभौमिक और अक्षम्य हैं । साथ ही सभी मनुष्य नस्ल , रंग , लिंग , जाति , उम्र , भाषा , धर्म , राष्ट्रीयता या सामाजिक भूल , विकलांगता , संपत्ति , जन्म या अन्य स्थिति के आधार पर भेदभाव के बिना उसका लाभ लेने के हकदार हैं । बावजूद इन सबके यह अत्यंत चिंता की बात है कि विभिन्न क्षेत्रों में मानवाधिकारों की अवहेलना और अवमानना लगातार जारी है ! यह दुर्भाग्य है कि विकास के पल सभी नागरिकों तक समान अनुपात में नहीं पहुंच पाए हैं । यही कारण है कि संपन्न लोगों और वंचितों के बीच की खाई के साथ - साथ असमानता लगातार बढ़ रही है । प्रत्येक व्यक्ति को प्राप्त अधिकार तथा अवसर लोकतंत्र को विशिष्टता प्रदान करते हैं । आज सर्वाधिक चिंताजनक बात यह है कि हमारा देश संकीर्ण हितों के लिए लोगों के बीच सांप्रदायिकता तथा विभाजन को बढ़ावा देने की प्रवृत्ति में खड़ा नजर आ रहा है । यही हमारे लोकतंत्र को कमजोर कर रहा है । जहां तक मैं समझता हूं वर्तमान में मानवाधिकारों को शिक्षा के सभी स्तरों - स्कूल , कॉलेज और विश्वविद्यालयों में औपचारिक शिक्षा का अंग बनाने की प्रबल जरूरत है । महिलाओं के खिलाफ तेजी से बढ़ रहे अपराध वास्तव में मानवता के खिलाफ अपराध हैं । हमारे देश में मानवाधिकार आंदोलन ने एक लंबा सफर तय किया है । इस दौरान कई मानवाधिकार केंद्रित कानून बनाए गए । इन्हें ईमानदारी पूर्वक लागू करने की जरूरत है । जब तक मौलिक मानवाधिकारों का सम्मान शासन का आधार नहीं बन जाता , तब तक वास्तविक अर्थों में कोई प्रगति संभव नहीं है । मीडिया और आम नागरिक , समाज संगठनों को जागरूकता पैदा करने और उपचारात्मक




कार्रवाई के लिए मानवाधिकारों के उल्लंघन के मामलों को सामने लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए । लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा , कानून का सम्मान और मानवाधिकारों को बढ़ावा देना एक सभ्य अस्तित्व की सबसे बुनियादी आवश्यकता है । यद्यपि हम दुनिया में सबसे बड़ा लोकतंत्र स्थापित करने में सफल रहे हैं , किंतु अभी तक अपने नागरिकों के अधिकार की रक्षा नहीं कर पा रहे हैं । मानव अधिकारों की रक्षा करना एक सतत प्रक्रिया है । समाज के सभी वर्गों को मिलकर इस हेतु काम करना होगा , ताकि एक ऐसा समाज बनाया जा सके जहां हर व्यक्ति को समानता और सम्मान के साथ जीने का हक हो । मानवाधिकारों को लेकर प्रायः विवाद बना रहता है । यह समझ पाना मुश्किल हो जाता है कि क्या वास्तव में मानवाधिकारों की सार्थकता है ? किसी भी इंसान की जिंदगी , आजादी , बराबरी और सम्मान का अधिकार ही वास्तव में मानवाधिकार है । भारतीय संविधान इस अधिकार की न सिर्फ गारंटी देता है , बल्कि इसे तोड़ने वालों को अदालत से सजा भी दिलाता है। भारतीय समाज में मानवाधिकारों का सर्वाधिक हनन निर्धन , गरीब व्यक्तियों अथवा नारियों के संदर्भ में होता रहा है । पुलिस विभाग को भी मानवाधिकार के हनन मामलों में संलिप्त पाया जाता रहा है ! बाल श्रमिकों का नियोजन , बंधुआ मजदूरों की प्रथा , आदिवासियों का शोषण , बड़े बांध , जलाशयों , विद्युत परियोजनाओं के निर्माण में बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों का विस्थापन , जंगल और जमीन पर जन सामान्य के अधिकारों की अस्वीकृति आदि मानवाधिकारों का खुला उल्लंघन है ! ऐसे अधिकांश मामलों में सरकार ही दोषी पाई जाती है । तात्पर्य यह कि जब सरकार ही मानवाधिकारों का उल्लंघन करने तत्पर है तो सामान्य जन अपने अधिकारों की रक्षा कैसे कर सकता है ? यह बड़ी विडंबना ही कही जा सकती है ! प्रतिदिन करोड़ों - अरबों का व्यापार करने वाले महानगर में आसपास " भूख " दबी और कराहती नजर आती है ! पांच सितारा स्कूलों में ही निरक्षरता हाथ - पांव मारती दिखाई पड़ रही है । मानव द्वारा मानव पर वीभत्स यातनाओं और अत्याचारों के दृश्य रोज रोंगटे खड़ा कर रहे हैं । भारतवर्ष में जहां सांप्रदायिक एवं जातीय हिंसा आम बात है , वहीं संपूर्ण विश्व में नस्लीय हिंसा बराबर देखने में आ रही है ! कहने को तो गुलामी प्रथा का उन्मूलन हो चुका है , किंतु कर्ज , भूख और गरीबी के चक्रव्यूह में फंसे अनेक गुलाम आज भी मुक्ति की बाट जोह रहे हैं । आज भी इस तरह का संकट सुरसा की तरह मुंह फाड़े खड़ा है ! शिक्षा से वंचित , रोजी - रोटी के जुगाड़ में बहुतों का जीवन कराह रहा है ! बाल श्रम कानूनों को अंगूठा दिखाता हुआ समाज बचपन को असमय समाप्त कर रहा है ! चिकित्सा विज्ञान ने जहां उल्लेखनीय उपलब्धियां दर्ज की हैं , वहीं आज भी मलेरिया , डेंगू जैसे मामूली रोगों में लाखों को जान गवानी पड़ रही है ! सबसे बड़ी विडंबना यह भी है कि महानगरों में जीवन देने वाले चिकित्सक ही खुद मानव अंगों की चोरी कर अरबों रुपए कमा रहे हैं ! कन्या भ्रूण हत्याएं मानव अधिकार के हनन का ज्वलंत उदाहरण हैं । वर्तमान में ऐसी सामाजिक , आर्थिक एवं राजनैतिक परिस्थितियों के निर्माण की आवश्यकता है , जिसमें मानव अधिकारों के उपभोग और उनकी वैधानिक मान्यता स्वीकृत हो तथा उनकी सुरक्षा हो । इसके बिना मानवाधिकारों की सभी घोषणाएं मात्र कागजी खानापूर्ति बनकर रह जाएंगी ।

# बस्तर जिला युवा कांग्रेस पांचों ब्लॉक सहित शहर के वार्डों में बनाएगी अध्यक्ष

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर09 दिसंबर।** आज छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के मार्गदर्शन में जिला युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष निकेत राज झा के नेतृत्व में अटल बिहारी बाजपेई वार्ड क्रमांक 38 (उत्तर ब्लाक) युवा कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न की हुई ... युवा कांग्रेस की आयोजित बैठक में युवा कांग्रेस शहर के नए जिलाध्यक्ष निकेत राज झा का स्वागत किया गया। इस बैठक में कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं मंच का संचालन प्रदेश कॉर्डिनेटर सोशल मीडिया सेल/आईटी सेल व सोशल मीडिया बस्तर संभाग प्रभारी अनुराग महतो द्वारा किया गया.इस अवसर पर प्रदेश पदाधिकारी व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं दी।वही निकेत राज झा के अध्यक्ष बनने से युवाओं में हर्ष है साथ ही युवा वर्ग युवा कांग्रेस में जुड़ने बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं.. युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष निकेत राज झा ने बैठक में उपस्थित कार्यकर्तागण को संबोधित करते हुए कहा आगामी दिनों में कांग्रेस की कार्यकारिणी का विस्तार एवं शहर के 48 वार्डो से प्रत्येक वार्ड में युवा कांग्रेस वार्ड जगदलपुर बस्तर की युवा टीम राहुल गांधी जी के नेतृत्व में आयोजित दिल्ली में ÷वोट चोर ग द्दी छोड़÷महारैली हेतु दिल्ली चलो कार्यक्रम में मजबूत उपस्थिति दर्ज कराएगी। इसके साथ ही सभी पांच ब्लॉको में युवा अध्यक्ष का गठन करेगी ताकि युवा कांग्रेस मंडल स्तर, ब्लॉक स्तर,वार्ड स्तर एवं जिला स्तर पर मजबूत टीम बनाई जा सके इसके अलावा आने वाले 100 दिनों में जनहित के मुद्दों को लेकर भाजपा सरकार को घेरने हेतु युवा कांग्रेस बस्तर जिला शहर द्वारा किए जाने वाले कार्यक्रमों की इस बैठक में विशेष रूप से चर्चा की गई... इस बैठक में प्रदेश महासचिव सुरज कश्यप,असीम सुता, रजत जोशी,मुकेश,उमेश मेहुलकर,धरम मौर्य,अमित पाणिग्रही,हर्षल पांडे,विष्णु नाग,संदीप पिल्ले,संजय नाग,समीर निर्मलकर,नागेश करई,लीलेस साहू,राकेश,नीरज,रोहित निषाद, योगी,निखिल,अमर, सिद्धार्थ, विकास, रोशन, शुभम, अमित,राजेश,गुड्डू,दिनेश,कृष्णा, प्रीतम निषाद,विक्की,कीर्तन निषाद, बलराम, शंकर,आनंद,सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्तगण मौजूद रहे।

## एक नजर

### सोशल मीडिया पर फर्जी विज्ञप्ति जारी कर पुलिस भर्ती का दिया जा रहा झांसा




**जगदलपुर, 09 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर जिले के सोशल मीडिया पर वायरल एक कथित फर्जी विज्ञप्ति में दावा किया गया है कि वर्ष 2023-24 की जिला पुलिस बल आरक्षक भर्ती की चयन सूची 8 दिसंबर को जारी होगी और मेडिकल टेस्ट 15 जनवरी से शुरू किए जाएंगे। इस भ्रामक विज्ञप्ति को बस्तर एसपी के नाम से जारी किया गया बताया गया है, लेकिन बस्तर जिले की पुलिस ने इस विज्ञप्ति को पूरी तरह फर्जी बताया है। बस्तर जिले के एडिशनल एसपी माहेश्वर नाग ने बयान जारी कर साफकिया है, कि भर्ती प्रक्रिया से जुड़ी हर सूचना सिर्फ पीएचक्यू की ऑफिशियल वेबसाइट पर ही जारी की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि सोशल मीडिया में फैली इस सूचना पर भरोसा न करें, क्योंकि ऐसी फर्जी घोषणाओं के जरिए अभ्यर्थियों से ठगी की आशंका बढ़ जाती है। उन्होने कहा कि कई लोग इस तरह की अफवाहों का फायदा उठाकर पैसों और दस्तावेजों की मांग कर सकते हैं, इसलिए अभ्यर्थी सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध संदेश की पुष्टि किए बिना उसकी जानकारी साझा न करें। फिलहाल बस्तर पुलिस ने इस मामले में साइबर टीम को अलर्ट कर दिया है, और ऐसे भ्रामक पोस्ट पर नजर रखी जा रही है।

### सरकारी संस्थानों के बीच शराब भट्टी और मुर्गा बाजार बंद नहीं किया तो होगा जोरदार आंदोलन



**भोपालपटनम 09 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सरकारी संस्थानों स्कूल, आश्रम, कालेज के बीच संचालित शराब भट्टि और मुर्गा बाजार को लेकर बुधवार को सर्व आदिवासी समाज ने कड़ा विरोध जताया है। स्थानीय फारेस्ट रेस्ट हाउस में आयोजित प्रेसवार्ता में समाज के प्रमुखो ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने तत्काल कदम नहीं उठाया तो बड़े पैमाने पर रैली प्रदर्शन और घेराव किया जाएगा।

### 'गुरु घासीदास जयंती' पर 18 दिसम्बर को शुष्क दिवस घोषित

**कांकेर 09 दिसंबर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर आगामी 18 दिसम्बर 2025 को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस दिन जिले की समस्त देशी, विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, एफएल.4 (क) व्यवसायिक क्लब एवं एफएल.7, सैनिक कैन्टीन को पूर्णतः बंद रखे जाने आदेशित किया गया है। कलेक्टर द्वारा शुष्क दिवस को जिले में अवैध मदिरा संग्रहण, विनिर्माण, परिवहन व विक्रय पर पूर्णतः नियंत्रण रखने के लिए जिला आबकारी अधिकारी को आदेशित किया गया है।

### कृषि स्थायी समिति की बैठक अब 24 दिसम्बर को

**कांकेर 09 दिसंबर।** जिला पंचायत के कृषि स्थायी समिति की बैठक 24 दिसम्बर को प्रातः 11.30 बजे से आयोजित की जाएगी। बैठक को सभी संबंधितों को उपस्थित होने के लिए कहा गया है।

### प्रधानमंत्री आवास योजना से बदली जिंदगी

**रायपुर, 09 दिसंबर।** बेमेतरा जिला तेजी से विकास की ओर अग्रसर है। शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और हितग्राहीमूलक योजनाओं की बदौलत अनेक परिवारों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आए हैं। ग्राम झाल निवासी कुंती बाई के जीवन में प्रधानमंत्री आवास योजना ने नई उम्मीदों का संचार किया है। वर्षों तक जर्जर खपरैल वाले कच्चे घर में कठिन परिस्थितियों के साथ जीवनयापन करने वाली कुंती बाई आज एक पक्के, सुरक्षित और सम्मानजनक आवास में रह रही हैं।

ग्रामीणों को भी मिल रही बेहतर संचार सुविधा

# बस्तर के 728 मोबाइल टावरों से सुरक्षाबलों की क्षमता कई गुना बढ़ी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 09 दिसंबर।** बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित इलाकों में संचार का अभाव लंबे समय तक सुरक्षा बलों के लिए सबसे बड़ी चुनौती रहा, लेकिन अब स्थिति तेजी से बदल रही है। बस्तर संभाग में नक्सली गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए खड़े किए गऐ संचार तंत्र अब सुरक्षा बलों की सबसे मजबूत ढाल बन चुका है। इसीलिए नक्सलियों द्वारा मोबाइल टावरों को अकसर आग के हवाले कर देते हैं। जिसे ध्यान में रखते हुए अब इन इलाकों के सुरक्षा कैंपों में मोबाइल टावर स्थापित किये जा रहे है। मिली जानकारी के अनुसार बस्तर संभाग में स्थापित 728 मोबाइल टावरों ने पिछले कुछ वर्षों में सुरक्षा एजेंसियों की क्षमताएं कई गुना बढ़ा दी हैं। 728 स्थापित नए मोबाइल टावर, जिनमें 467 टावर विशेष रूप से 4-जी नेटवर्क के लिए लगाए गए हैं। साथ ही 449 टावरों को 2-जी से 4-जी में अपग्रेड किया गया है। इससे सुरक्षा बलों को न केवल बेहतर संचार सुविधा मिली है, बल्कि नक्सल प्रभावित गांवों में रहने वाले लोगों तक भी अब बगैर किसी बाधा के नेटवर्क सेवा पहुंचने लगी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अगस्त 2025 में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में रायपुर में हुई उच्च स्तरीय बैठक के बाद यह तय किया गया था कि नक्सलवाद से निपटने के लिए पड़ोसी राज्य रियल टाइम सूचना साझाकरण प्रणाली पर मिलकर काम करेंगे । इस सिस्टम के शुरू होने से नक्सलियों की गतिविधियों पर वास्तविक समय में नजर रखी जा रही है। नतीजतन, प्रतिबंधित संगठन की गतिविधियों और मूवमेंट को सुरक्षा बल समय रहते पकड़ पा रहे हैं, और नक्सली लगातार सुरक्षा एजेंसियों के रडार में बने हुए हैं। सुरक्षा बल के जवान अब इन टावरों का तकनीकी रूप से सदुपयोग कर नक्सलियों की गतिविधियों को ट्रैक करने में सक्षम हो रहे हैं। प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षा और विकास दोनों को साथ लेकर चलने की रणनीति तेजी से आगे बढ़ रही है। विष्णुदेव सरकार आने के बाद 69 नए सुरक्षा कैंप खोले गए हैं। इन कैंपों के आसपास स्थित 403 गांवों में नौ विभागों की 18 सामुदायिक सेवाएं और 11 विभागों की 25 व्यक्ति मूलक योजनाएं पहुंचाई जा रही हैं। पहली बार इन दुर्गम गांवों तक योजनाओं की सीधी पहुंच बनाई गई है, जिससे विकास कार्यों में तेजी आई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का कहना है कि नक्सल प्रभावित इलाकों में मोबाइल नेटवर्क का पहुंचना सिर्फएक टावर का खड़ा होना नहीं है, यह उन लोगों के सपनों का उठ खड़ा होना है जो वर्षों से दुनिया से कटे हुए थे । यह सिर्फ संचार की शुरुआत नहीं, बल्कि विश्वास, बदलाव और नई संभावनाओं के युग का आरंभ है।

# सीआरपीएफ जवानों ने 8 किलो का कुकर आईडी किया निष्क्रिय



**भोपालपटनम 09 दिसंबर।** नक्सल गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखते हुए सुरक्षा बलों की सर्चिंग अभियान के दौरान 62वीं वाहिनी सीआरपीएफ के जवानों ने उल्लूर घाटी में बड़ी सफलता हासिल की। नेशनल पार्क इलाके में पगडंडी मार्ग पर लगाया गया लगभग 8 किलो का कुकर ढ्ढश्वष्ठ जवानों की सतर्कता से समय रहते निष्क्रिय कर दिया गया।जानकारी के अनुसार, सीआरपीएफ 62 बटालियन की टीम बुधवार को सुबह नियमित गश्त पर निकली थी। इसी दौरान उल्लूर घाटी के जंगलों में पगडंडी रास्ते पर दबाव आधारित कुकर ढ्ढश्वष्ठ मिला। इसके बाद बम डिस्पोज़ल टीम ने मौके पर पहुंचकर तकनीकी प्रक्रिया के तहत ढ्ढश्वष्ठ को सुरक्षित रूप से नष्ट किया। सर्चिंग के दौरान जवानों को जंगल में कई अन्य नक्सल सामग्री भी बरामद हुई। इसमें दो भरमार बंदूक, तीन देसी बम, लगभग 43 फीट लचीला इलेक्ट्रिक वायर, चार सेल बैटरी और एक प्लास्टिक ड्रम शामिल है। सभी विस्फोटक सामग्री को नष्ट कर दिया गया ताकि नक्सली दोबारा इसका उपयोग न कर सकें। सहयक कमंडर दुर्गानन्दन श्रीवास्तव ने बताया कि इस क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बलों की आवाजाही बाधित करने के लिए ढ्ढश्वष्ठ और विस्फोटक लगाने की कोशिशें लगातार जारी रहती हैं लेकिन जवानों की सतर्क मौजूदगी के कारण ये प्रयास असफल होते जा रहे हैं। जंगलों में दबाव बनाए रखने और नक्सल गतिविधियों की रोकथाम हेतु सर्चिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा। जवानों की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया है

# सूर्यमुखी की खेती की ओर किसानों का बढ़ा रुझान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 09 दिसंबर।** बस्तर के किसानों में सूर्यमुखी की खेती को लेकर अब दिलचस्पी दिख रही है। पिछले कुछ सालों में इसका रकबा लगातार कम होता जा रहा था, लेकिन अब फिर से बढ़ने लगा है। दरअसल सूर्यमुखी की यहां अच्छी पैदावार होती है, लेकिन विक्रय करने की समस्या थी। इसके कारण ही किसान सूर्यमुखी की खेती नहीं करते थे, अब बाजार में सूर्यमुखी के बीज की अच्छी डिमांड होने के साथ ही अच्छी कीमत भी मिल रही है।

उल्लेखनीय है कि सूर्यमुखी की खेती के लिए किसानों को बहुत ही कम लागत आती है और मुनाफा अधिक मिलता है। बावजूद इसकी खेती करने किसान आगे नहीं आ रहे हैं। सूर्यमुखी की खेती के लिए पानी की भी बहुत ही कम जरूरत पड़ती है। कृषि विभाग के मुताबिक जिले में 2017-18 में 575 हेक्टेयर में सूर्यमुखी की खेती गयी थी। 2018-19 में 998, 2019-20 में 282, 2020-21 में 278, 2021-22 में 77 हेक्टेयर में सिमटकर रह गया था, वहीं 2022-23 में 100 हेक्टेयर व 2024-25 में 500 हेक्टेयर और इस सीजन में 400 हेक्टेयर का लक्ष्य रखा गया है

सूर्यमुखी का बीज प्रतिकिलो 3 हजार रूपए तक में बिकता है, लेकिन किसानों को विक्रय करने व्यापारियों को खोजना पड़ता है। सूर्यमुखी के बीज से तेल निकाला जाता है, जो कि बाजार में काफी महंगा बिकता है। बताया गया है कि सूर्यमुखी के तेल को लोग दवा के रूप में भी इस्तेमाल करते हैं। फैट कम होने की वजह से खाने के लिए भी इसे सुरक्षित माना जाता है।

### 'आत्मनिर्भर श्रवण बाधित दिव्यांग शिविर' का आयोजन 19 से 23 दिसम्बर तक रायपुर में

**उत्तर बस्तर कांकेर 9 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ शासन एवं महावीर इंटरकांटिनेन्टल सर्विस आर्गनाइजेशन रायपुर के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्तर के आत्मनिर्भर श्रवण बाधित दिव्यांग कौशल उन्नयन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 19 दिसम्बर से प्रारंभ होकर 23 दिसम्बर 2025 तक जैनम मानस भवन एयरपोर्ट के सामने रायपुर स्थित भवन में संपन्न होगा, जिसमें अनुमानित 1200 से अधिक श्रवण बाधित एवं दृष्टि बाधित दिव्यांगजनों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस अवसर पर उनके बौद्धिक, शारीरिक, आध्यात्मिक विकास के भी कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

उक्त प्रशिक्षण में जिले के श्रवण बाधित एवं दृष्टि बाधित 12 वर्ष से 24 वर्ष के दिव्यांगजनों जिसमें बालक एवं बालिका दोनों शामिल हैं, जो उक्त कौशल उन्नयन प्रशिक्षण में शामिल होना चाहते हैं, उनकी सूची अतिशीघ्र उप संचालक समाज कल्याण विभाग को उपलब्ध कराने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी, समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और नगरपालिका अधिकारियों से कहा गया है, ताकि उन्हें प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल किया जा सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्णतः निःशुल्क होगा तथा शिविर स्थल तक पहुंचने के पश्चात् समस्त आवासीय, भोजन इत्यादि की व्यवस्था की जाएगी।

## समाचार संक्षेप

### धर्मांतरित व्यक्ति का शव गांव में दफ़नाने को लेकर मचा बवाल, शव को जिले से बाहर भेजा गया



**कांकेर, 09 दिसंबर।** जिले के नरहरपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंडरीपानी उमरादाह गांव में एक धर्मांतरित व्यक्ति के शव को दफ़नाने को लेकर स्थानीय ग्रामीणों और मृतक के परिवार के बीच बड़ा विवाद खड़ा हो गया। ग्रामीणों के कड़े विरोध के बाद, प्रशासन ने ग्रामीणों को शांत किया और अंतिम संस्कार से पहले ही शव को गांव से बाहर निकालकर जिले से बाहर दफ़नाने के लिए ले जाया गया। यह कांकेर जिले में धर्मांतरित व्यक्ति के शव दफ़्न को लेकर चौथा मामला है, जिसने इलाके की संवेदनशीलता को बढ़ा दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि वे अपनी सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान की रक्षा के लिए संघर्ष कर रहे हैं और धर्मांतरित व्यक्तियों को गांव में दफ़नाने की अनुमति नहीं देंगे। ग्रामीणों का कहना है कि हम अपनी परंपराओं और मान्यताओं को बहुत महत्व देते हैं और धर्मांतरित व्यक्तियों को गांव में दफ़नाने की अनुमति नहीं दे सकते। विवाद बढ़ने के बाद, पुलिस और प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की और विवाद स्थल पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। इसके बाद शव को कांकेर जिले से बाहर एक उपयुक्त स्थान पर दफ़नाने के लिए भेजा गया। प्रशासन ने फिलहाल गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रखा है। इस दौरान ग्रामीणों ने पादरी और पास्टर के खिलाफ नारेबाजी करते रहे।

### श्री बालाजी मंदिर रजत जयंती उत्सव को लेकर शुरू हुई तैयारियां



**जगदलपुर 09 दिसंबर।** श्री बालाजी मंदिर रजत जयंती वार्षिक उत्सव कार्यक्रम को लेकर विशेष तैयारी टेंपल ट्रस्ट के माध्यम से की जा रही है । आने वाले दिनों में श्री बालाजी भगवान का वार्षिकोत्सव मनाया जाना है, जो पिछले वार्षिक उत्सवों से विशेष व भव्य होगा और इसमें श्रद्धालुओं की भागीदारी भी अधिक होगी, जिसके लिए विशेष रूप से कार्य योजना तैयार कर, कार्य का वर्गीकरण करते हुए अलग-अलग टीम बनाकर कार्यो को विभाजित किया गया है, ताकि इस बार का भव्य आयोजन सुगमता पूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न् हो सके। आज ट्रस्टियों की बैठक में वॉलिंटियर्स भी उपस्थित रहे, जो पिछले कुछ सालों से अपनी सेवाएं मंदिर में दे रहे हैं, उनको भी विशेष जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। आने वाले दिनों में और भी वॉलिंटियर्स की आवश्यकता होगी उसे पर भी चर्चा की गयी ।

### कुर्रेगुट्टा की काली पहाड़ी में मधुमक्खियों ने जवानों पर किया हमला

**बीजापुर, 09 दिसंबर।** जिले के कुर्रेगुट्टा की काली पहाड़ी में दो नवीन कैंप स्थापना के बाद नक्सल अभियान के दौरान सर्चिंग पर निकले जवानों पर आज सोमवार को अचानक से मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। घायल जवान को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया है।कुर्रेगुट्टा की काली पहाड़ी में जंगली जानवरों के खतरे के बीच अब मधुमक्खियों का नया संकट आ गया है, जहां सर्चिंग के दौरान कई बार जवान मधुमक्खियों का शिकार बनते हैं। ऐसे में जवान अपने साथ लेकर चलने वाले दवाइयों का उपयोग कर अपनी जान को बचाते है।कुर्रेगुट्टा की काली पहाड़ी पर पहले भी ऐसा मधुमक्खियों का हमला दर्ज हुआ था। जहां आज फिर से जवानों के ऊपर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया है। कई जवान डंक लगने से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए पहले अपने बैंग में रखे दवाई लगाने के साथ ही उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया है।



### साहू समाज के पदाधिकारियों ने किया शपथ ग्रहण

**जगदलपुर,09 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** क्षेत्रीय साहू समाज तेतरकुटी के नये कार्यकारिणी का गत दिनों चुनाव कर पुनर्गठन किया गया, तत्पश्चात सोमवार को नये पदाधिकारियों उल्लास पूर्ण माहौल मे शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। क्षेत्रीय साहू समाज तेतरकुटी के नये पदाधिकारियों का चुनाव 2 नवम्बर को किया गया था, जिसमे अध्यक्ष पद के अलावा महिला एवं पुरुष वर्ग से उपाध्यक्ष और संगठन सचिव के पद का निर्वाचन किया गया था। तत्पश्चात नई कार्यकारिणी तैयार सिंधी कॉलोनी स्थित छग पेंशन कल्याण संघ भवन मे समारोह पूर्वक साहू समाज के नये पदाधिकारियों का समाज के वरिष्ठ नागरिक एवं भूतपूर्व सीईओ हेमलाल साहू की अध्यक्षता मे शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया।



एल वन, एल टू व एल 4 श्रेणी के पदों पर भर्ती को लेकर विवाद,निर्णय अब केंद्र सरकार के हाथ

# नगर पालिका अध्यक्ष ने विकास को लेकर एनएमडीसी सीएमडी को सौंपा मांग पत्र



**किरंदुल/बचेली09 दिसंबर।** बैलाडीला, बचेली क्षेत्र स्थित एनएमडीसी परियोजना में एल-1, एल-2 एवं एल-4 श्रेणी के पदों पर हो रही नई भर्ती प्रक्रिया को लेकर उठे विवाद पर एनएमडीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (ष्टरूष्ठ) श्री अमिताभ मुखर्जी ने पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए स्थिति को पूरी स्पष्टता के साथ रखा। सीएमडी मुखर्जी ने बताया कि एनएमडीसी ने भर्ती में स्थानीय आदिवासी एवं स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देते हुए बस्तर क्षेत्र के 100 में से 95 युवाओं को मान्यता दी है, जबकि केवल 5 उम्मीदवार भारत के अन्य राज्यों से लिए गए हैं, जो एक राष्ट्रीय कंपनी होने के संवैधानिक दायित्व के तहत आवश्यक था।

स्थानीय विरोध के चलते भर्ती सूची केंद्र सरकार को भेजी गई एल-1 एवं एल-2 पदों को लेकर स्थानीय स्तर पर विरोध सामने आने के बाद एनएमडीसी प्रबंधन ने पूरी भर्ती सूची केंद्र सरकार को भेज दी है। ष्टरूष्ठ ने स्पष्ट किया कि अब यह निर्णय केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में है, कंपनी स्वयं इसमें कोई बदलाव नहीं कर सकती।


गौरतलब है कि यह भर्ती कई वर्षों बाद लाई गई थी, जबकि वर्तमान में एनएमडीसी परियोजना के आधे से अधिक विभाग 'ठेका पद्धति' से संचालित हो रहे हैं। बड़ी संख्या में कार्य ठेका श्रमिकों के माध्यम से कराया जा रहा है। इसी पृष्ठभूमि में स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं को स्थायी रोजगार का अवसर देने के लिए एल-1, एल-2 और एल-4 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई थी, लेकिन दुर्भाग्यवश राजनीतिक विरोध एवं आंदोलनों के कारण एक बार फिर हजारों शिक्षित बेरोजगार युवाओं का भविष्य अधर में लटक गया।

पूर्व वर्षों में भी एनएमडीसी की भर्ती प्रक्रियाएं हड़ताल और विरोध की भेंट चढ़ती रही हैं, जिसके कारण अनेक योग्य युवा उम्र सीमा पार कर जाने से कर्मचारी बनने का अवसर खो चुके हैं। इस संदर्भ में जानकारों का कहना है कि विरोध से पहले बीते दशकों के अनुभवों को समझना और युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखना आवश्यक है। नगर विकास पर भी हुई चर्चा, सीएमडी ने दिया सहयोग का आश्वासन इधर, किरंदुल औद्योगिक नगर की नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रूबी शैलेन्द्र सिंह ने सीएमडी अमिताभ मुखर्जी से मुलाकात कर नगर की जमीनी परिस्थितियों एवं लंबित विकास कार्यों से अवगत कराया तथा निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने में सहयोग का आग्रह किया। यह भेंट सीएमडी के दो दिवसीय किरंदुल प्रवास के दौरान हुई। पालिका अध्यक्ष ने नगर में भारी वाहनों से हो रहे प्रदूषण, खेल सुविधाओं की कमी, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, महिला सशक्तिकरण एवं पर्यटन स्थलों के सौंदर्यीकरण जैसे मुद्दों को प्रमुखता से रखा। सीएमडी मुखर्जी ने नगर विकास कार्यों के लिए शीघ्र आवश्यक राशि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। सीएमडी अमिताभ मुखर्जी के किरंदुलङ्कबचेली दौरे के दौरान जहां कुछ वर्गों में असंतोष देखा गया, वहीं बड़ी संख्या में लोगों में खुशी और संतोष स्पष्ट रूप से नजर आया। कई सामाजिक व स्थानीय संगठनों ने स्थानीय युवाओं के हित में उठाए गए कदमों के लिए सीएमडी को बधाई व आभार व्यक्त किया।

# धान खरीदी में पारदर्शिता और सुगमता से किसानों में उत्साह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 9 दिसम्बर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य पूर्ण पारदर्शिता, संवेदनशीलता और सुव्यवस्थित ढंग से संचालित हो रहा है। शासन के स्पष्ट निर्देशों तथा कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में धान उपार्जन व्यवस्था को किसान हितैषी बनाने के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं, जिसका सीधा लाभ किसानों को मिल रहा है। जिले में लागू ऑनलाइन टोकन प्रणाली से किसानों को बड़ी राहत मिली है। किसान घर बैठे मोबाइल ऐप टोकन तुहर हाथ के माध्यम से टोकन प्राप्त कर निर्धारित तिथि पर बिना भीड़ के अपना धान विक्रय कर पा रहे हैं। इससे समय की बचत हो रही है और उपार्जन केंद्रों पर अनावश्यक अव्यवस्था से भी निजात मिली है। ग्राम लोइंग निवासी किसान बसंत कुमार पटेल ने बताया कि उन्होंने अपने 170 क्विंटल धान के विक्रय हेतु ऑनलाइन टोकन लिया। उपार्जन केंद्र में



व्यवस्थाएं संतोषजनक हैं, भीड़ कम है और समय पर तौल हो रही है। उन्होंने कहा कि धान खरीदी प्रक्रिया में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई और उत्कृष्ट प्रबंधन से वे पूरी तरह संतुष्ट हैं। इसी तरह अन्य किसानों में भी धान विक्रय को लेकर उत्साह का माहौल है। जिले के किसानों ने इसके लिए राज्य शासन व जिला प्रशासन के प्रति आभार प्रकट किया।

105 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से सुचारू व्यवस्था

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए 105 उपार्जन केंद्र स्थापित किए गए हैं। शासन की चेकलिस्ट के अनुरूप सभी केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, बैठने की व्यवस्था, तौल-कांटा, बारदाना एवं स्टैकिंग जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इनमें से 15 केंद्र संवेदनशील तथा 4 केंद्र अति-संवेदनशील श्रेणी में रखे गए हैं, जहां विशेष निगरानी की जा रही है। धान खरीदी से संबंधित शिकायतें एवं सुझाव खाद्य विभाग के टोल-फ्री नंबर 1800-233-3663 पर दर्ज कराए जा सकते हैं। जिले में अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर एवं कॉल सेंटर के माध्यम से कोचियों-बिचौलियों की गतिविधियों की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। सुगम एवं पारदर्शी धान खरीदी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय जांच कमेटी का गठन किया गया है। प्रशासन द्वारा तैयार की गई सरल, सुचारू और पारदर्शी धान खरीदी व्यवस्था से किसान पूर्णतः संतुष्ट नजर आ रहे है।

## जरूरतमंद लोगों के लिए किया गया रायगढ़ मेडिकल कॉलेज में 43 यूनिट रक्तदान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 9 दिसम्बर।** स्व.श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध संत बाबा गुरु घासीदास स्मृति शासकीय चिकित्सालय रायगढ़ में चर्च ऑफ गॉड वर्ल्ड मिशन सोसाइटी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस दौरान 43 लोगों द्वारा रक्तदान किया गया। अस्पताल अधीक्षक डॉ एम.के. मिंज ने बताया कि रक्तदान से आपात स्थिति में रक्त की कमी से जूझ रहे मरीजों की जान बचाने में उपयोग किए जा सकेंगे और सिकल सेल एनीमिया, थेलीसिमिया के मरीजों में रक्त की कमी की समस्या को दूर करने में भी बड़ी मदद मिलेगी। रक्तदान के इस नेक कार्य के लिए संबंधित संस्था प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।डॉ.मिंज ने बताया कि आगामी दिनों में गुरु घासीदास जी की जयंती एवं चिकित्सालय के ब्लड सेंटर के वर्षगांठ के अवसर पर 18 से 20 दिसम्बर तक मेडिकल कॉलेज के चिकित्सालय द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान का आयोजन रखा गया है जिसमें आम नागरिकों सहित कॉलेज के समस्त अधिकारी-कर्मचारी से ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करने की अपील की गई है। चर्च ऑफ गॉड रायगढ़ के अध्यक्ष श्री मुकेश कुजूर ने कहा छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, पंजाब, आंध्र प्रदेश, गुजरात आदि विभिन्न राज्यों में भी निरंतर रक्तदान ड्राइव आयोजित करता आ रहा है। हमारा उद्देश्य है कि रक्त की कमी से जूझ रहे ।

## एक नजर

### पालना कार्यकर्ता के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आवेदन 23 दिसंबर तक

**रायगढ़, 9 दिसम्बर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ अंतर्गत पालना कार्यकर्ता के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 23 दिसंबर तक अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। परियोजना अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ के अंतर्गत स्वीकृत पालना केंद्रों के तहत ग्रामीण एवं नगरीय निकाय क्षेत्र में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र दया गली, वार्ड क्रमांक 35 में एक पद रिक्त है, जिसकी पूर्ति हेतु यह प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। उक्त पद पर नियुक्ति पालना कार्यकर्ता, सहायिका के रूप में की जाएगी। भर्ती से संबंधित पात्रता मापदंड, आवश्यक दस्तावेज, चयन प्रक्रिया एवं नियम-शर्तों की विस्तृत जानकारी परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध है। अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि आवेदन करने से पूर्व समस्त दिशा-निर्देशों का भली-भांति अवलोकन कर लें।

### वार्ड क्रमांक -7 सर्किट हाऊस में उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए 19 दिसम्बर तक आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़, 9 दिसम्बर।** छ.ग.सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र रायगढ़ अंतर्गत वार्ड क्रमांक 7 सर्किट हाऊस के शासकीय उचित मूल्य दुकान के नवीन संचालन हेतु 19 दिसम्बर तक आवेदन मंगाए गए है। दुकान संचालन के इच्छुक स्थानीय नगरीय निकाय, महिला स्व-सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समितियां, अन्य सहकारी समितियां, वन सुरक्षा समिति निर्धारित प्रपत्र में अपना आवेदन पत्र कार्यालयीन समयावधि में कार्यालय कलेक्टर खाद्य शाखा, रायगढ़ में जमा कर सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

### कलेक्टर ने की जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा

**महासमुंद,9 दिसम्बर।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने आज जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले में चल रहे सभी निर्माण एवं आपूर्ति कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री हेमंत नंदनवार तथा पीएचई विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री डी.पी. वर्मा एवं अनुविभागीय अधिकारी, क्रियान्वयन एजेंसी के प्रतिनिधि एवं संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्री लंगेह ने पीएचई विभाग के अंतर्गत चल रहे सभी निर्माण, मरम्मत एवं जलापूर्ति संबंधी कार्यों की विस्तृत प्रगति रिपोर्ट प्राप्त की। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि जहां बोरवेल सूख रहे हैं, वहां प्राथमिकता के साथ वाटर रिचार्ज हेतु इंजेक्शन वेल तैयार किए जाएं, ताकि जल उपलब्धता लगातार बनी रहे। यह कार्य मनरेगा के तहत तेजी से कराने को कहा गया।कलेक्टर ने कहा कि हर घर नल से पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा व आपूर्ति सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसलिए सभी एजेंसियां निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करें।

### कंडम सामग्री की नीलामी 7 जनवरी को

**महासमुंद 9 दिसंबर।** जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन की सरकारी निष्प्रयोज (कंडम) सामग्रियों की 07 जनवरी 2025 को प्रातः 11:00 बजे नीलामी की जाएगी। नीलामी कार्यालय जिला सेनानी नगर सेना महासमुंद में होगी इच्छुक खरीददार नीलामी तिथि से एक दिन पूर्व कार्यालयीन समय में आकर नीलामी की जाने वाली सामग्री का अवलोकन कर सकते हैं। खरीददार को बोली लगाने के पूर्व एक हजार रुपए नगद प्रतिभूति राशि कार्यालय में जमा करनी होगी। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

### साक्षात्कार एवं कौशल परीक्षा 11 दिसम्बर को

**धमतरी, 9 दिसंबर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर धमतरी के सुचारू संचालन के लिए 6 पदों पर सेवा प्रदाता की नियुक्ति की जानी है। इसके लिए कुल 22 अभ्यर्थियों का आगामी 11 दिसम्बर को आजीविका महाविद्यालय धमतरी में सुबह 9 बजे से साक्षात्कार-कौशल परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती जगरानी एक्का ने बताया कि पात्र सेवा प्रदाताओं की पदवार सूची, रोल नंबर, प्रवेश पत्र का प्रारूप धमतरी जिले की में देखा जा सकता है।

### शहीद वीरनारायण सिंह बलिदान दिवस पर 10 दिसम्बर को स्थानीय अवकाश

**धमतरी, 9 दिसंबर।** कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने शहीद नारायण सिंह बलिदान दिवस के अवसर पर 10 दिसंबर को स्थानीय अवकाश घोषित किया है। यह अवकाश बैंक एवं कोषालय पर लागू नहीं होगा।

# जनदर्शन में सुनी गई जनसामान्य की समस्याएँ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 9 दिसम्बर।** जिला कलेक्टोरेट में आज जनदर्शन का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर अपर कलेक्टर श्री रवि राही ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की मांगों, समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुना। जनदर्शन में राशन कार्ड, चिकित्सा एवं आर्थिक सहायता, आवास, वृद्धापेंशन आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में अपर कलेक्टर श्री रवि राही ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर यथासंभव



निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं का प्रमुखता से निराकरण करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

जनदर्शन में तहसील छाल अंतर्गत ग्राम पंचायत बेहरामुड़ा के ग्रामीणों ने बताया कि राशन दुकान संचालक द्वारा 4 माह पूर्व ईपोस मशीन में फिंगर लगवाया था, लेकिन राशन सामग्री नहीं दे रहे है। जिसकी वजह से समस्त ग्रामवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अपर कलेक्टर ने इसे गंभीरता से लेते हुए खाद्य निरीक्षक को जांच करने के निर्देश दिए। वहीं ग्राम-कोटरीमाल, घरघोड़ा के ग्रामीणों ने बताया कि उनके मोहल्ले में 1 फेस ही सप्लाई की गई है, लो वोल्टेज के कारण पीने का पानी पंप भी नहीं चल पा रहा है। इस संबंध में विद्युत अधिकारी घरघोड़ा को कई बार अवगत करा चुके है, लेकिन आज तक निराकरण नहीं हो पाया है। अपर कलेक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को इसे गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया।धरमजयगढ़ के लुकेश्वर यादव ने बताया कि ग्राम पंचायत ढोढ़ागांव राशन दुकान में संदिग्ध लोगों के नाम से फर्जी राशन कार्ड जारी किया गया है ।

# पीएम जनमन योजना से सुदूर ग्राम कुर्रा के रतिराम को मिला सपनों का पक्का आशियाना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 9 दिसम्बर।** किसी भी सरकारी योजना का वास्तविक महत्व तभी सिद्ध होता है, जब उसका लाभ जमीनी स्तर पर आम नागरिक के जीवन में सकारात्मक और स्थायी परिवर्तन लाए। ऐसी ही एक सशक्त योजना है प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन), जिसका प्रभाव रायगढ़ जिले में स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है। इस योजना के अंतर्गत लैलूंगा विकासखंड के सुदूर ग्राम कुर्रा के निवासी श्री रतिराम बिरहोर को उनके जीवन का सबसे बड़ा सपना-पक्का और सुरक्षित आवास-साकार हुआ। वर्षों तक कच्चे मकान में रहकर बरसात, ठंड और जहरीले जीव-जंतुओं के खतरे के बीच जीवन-यापन करने वाले रतिराम और उनका परिवार जब पीएम जनमन योजना के तहत स्वीकृत आवास में प्रवेश किया, तो वह क्षण उनके लिए अविस्मरणीय बन गया। आवास स्वीकृति



मिलने के बाद निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ और निर्धारित समय में पूर्ण भी हुआ। नया पक्का घर न केवल उन्हें सुरक्षा प्रदान कर रहा है, बल्कि उनके जीवन में स्थायित्व, आत्मविश्वास और सम्मान भी लेकर आया है।रतिराम का कहना है कि पहले जिस घर में रहना मजबूरी था, वहीं अब पक्के मकान में रहना गर्व की अनुभूति देता है। उल्लेखनीय है कि पीएम-जनमन योजना, जिसकी शुरुआत भारत सरकार द्वारा वर्ष 2023 में की गई, विशेष रूप से विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के सर्वांगीण विकास के लिए एक महत्त्वाकांक्षी मिशन है। इस अभियान का उद्देश्य आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छ पेयजल, बिजली, आजीविका और संपर्क जैसी बुनियादी सुविधाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना है। गौरतलब है कि पीएम जनमन योजना आज केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि आदिवासी समुदायों के लिए न्याय, समानता और आत्मसम्मान का मजबूत आधार बन चुकी है। ग्राम कुर्रा के रतिराम की कहानी इस बात का सशक्त उदाहरण है कि जब योजनाएं सही ढंग से लागू होती हैं, तो वे लोगों की तस्वीर ही नहीं, तकदीर भी बदल देती हैं।

## राज्य सलाहकार स्वच्छ भारत मिशन ने किया विभिन्न ग्रामों का भ्रमण

**रायगढ़, 9 दिसम्बर।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत स्वच्छता कार्यक्रमों की जमीनी हकीकत परखने एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य सलाहकार श्रीमती मोनिका सिंह एवं संभाग प्रभारी द्वारा आज रायगढ़ जिले के जनपद पंचायत रायगढ़ अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों का भ्रमण किया गया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत गोपालपुर, बनोरा, कुर्मापाली, कोसमनारा एवं लामीदरहा का दौरा कर वहां संचालित स्वच्छता गतिविधियों का निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने स्वच्छाग्रहियों से सीधा संवाद करते हुए गांव में हो रहे घर-घर कचरा संग्रहण तथा गीले एवं सूखे कचरे के पृथकीकरण पर विस्तार से चर्चा की।राज्य सलाहकार ने ग्रामीणों से अपील की कि वे घर से निकलने वाले कचरे को गीला और सूखा अलग-अलग करके ही स्वच्छाग्रहियों को दें, जिससे कचरा



प्रबंधन की पूरी प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो सके। उन्होंने कहा कि कचरे का सही पृथकीकरण ही गांवों को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाने की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण कदम है। भ्रमण के दौरान यूजर चार्जेस और प्रोत्साहन राशि के विषय में भी चर्चा की गई तथा स्वच्छाग्रहियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें निरंतर घर-घर कचरा संग्रहण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही गांवों में निर्मित सामुदायिक स्वच्छता परिसरों का निरीक्षण कर उनके रख-रखाव एवं उपयोग की स्थिति का जायजा लिया गया। इस अवसर पर जिला सलाहकार, ब्लॉक समन्वयक रायगढ़ सहित संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सचिव, स्वच्छाग्राही समूह के अध्यक्ष व सचिव, समूह की दीदियां, रोजगार सहायक तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# उड़नदस्ता ने कई जगह जांच कर 123 क्विंटल धान किया जब्त



**धमतरी, 9 दिसंबर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत धमतरी जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन का कार्य 15 नवंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देशानुसार धान खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सुचारू रखने के उद्देश्य से अवैध धान परिवहन, भंडारण तथा कोचियों/बिचौलियों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में तहसील स्तरीय उड़नदस्ता दल द्वारा आज नगरी क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठानोंकृश्री संतोष खण्डेलवाल, शिवम ट्रेडर्स घुटकेल, दीपक ट्रेडर्स बोराई तथा चम्पालाल बाबूलाल बोराईकृमें राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, कृषि विभाग एवं कृषि उपज मंडी के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने आकस्मिक जांच की। जांच के दौरान मंडी अधिनियम 1972 के तहत कार्रवाई करते हुए उपरोक्त फर्मों/संचालकों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर कुल 123.20 क्विंटल अवैध धान जप्त किया गया है प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को प्रभावित करने वाली किसी भी अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उड़नदस्ता दल द्वारा अवैध धान के भंडारण और परिवहन पर आगे भी सतत एवं कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## बुजुर्ग किसान रघुनाथ सिंह ने कहा-धान विक्रय से अब बेटे की शादी होगी आसान



**मोहला 9 दिसंबर।** खरीफ वर्ष 2025-26 के लिए धान खरीदी का महाअभियान 15 नवंबर से प्रारंभ हो चुका है। जिले के उपार्जन केंद्रों पर किसानों में धान विक्रय को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किसानों को देश का सर्वाधिक 3100 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य प्रदान करने तथा पारदर्शी खरीदी व्यवस्था लागू किए जाने की किसानों द्वारा सराहना की जा रही है। विकासखंड मोहला के ग्राम सांगली निवासी 70 वर्षीय बुजुर्ग किसान श्री रघुनाथ सिंह ने बताया कि उन्होंने बेटे की मदद से मोबाइल पर ऑनलाइन टोकन कटवाकर 60 क्विंटल धान विक्रय की तिथि दर्ज करवाई। यह प्रक्रिया उनके लिए काफी सुविधाजनक साबित हुई। धान की तौल पूरी होने के बाद उनके चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। उन्होंने कहा कि धान विक्रय से प्राप्त राशि का उपयोग वे बेटे की शादी और घर की मरम्मत में करेंगे। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि मेरा बेटा अब दांपत्य जीवन में प्रवेश करेगा, इससे बड़ी खुशी और क्या हो सकती है। रघुनाथ सिंह ने ऑनलाइन टोकन व्यवस्था की सराहना करते हुए बताया कि भीड़ और अव्यवस्था से बचने के लिए उन्होंने पहले ही ऑनलाइन टोकन प्राप्त कर लिया था। डिजिटल सुविधा ने उन्हें लाइन में लगने की परेशानी से मुक्ति दिलाई और समय की बचत भी हुई। निर्धारित समय पर पहुंचते ही उनकी तौल और खरीदी प्रक्रिया सहजता से पूरी हो गई।उन्होंने कहा कि इस वर्ष की उपार्जन व्यवस्था सुव्यवस्थित, पारदर्शी और पूरी तरह किसान हितैषी है। धान बेचने के बाद उन्होंने प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि किसानों के लिए प्रतिबद्ध सरकार के कारण आज हमें समय और श्रम की बचत के साथ धान का सही मूल्य मिल रहा है। यह किसानों के हित में उठाया गया बड़ा कदम है।

# बालिकाओं को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**धमतरी 9 दिसम्बर।** जिला प्रशासन धमतरी और जगती फाउंडेशन (Jagathi Foundation) के संयुक्त तत्वावधान में श्री शिव सिंह वर्मा आदर्श शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आज बालिकाओं के स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण तथा महिलाओं से जुड़े गंभीर स्वास्थ्य मुद्दों-जैसे हृदय रोग, सर्वाइकल कैंसर और स्तन कैंसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने कहा कि जिला प्रशासन और जगती फाउन्डेशन मिलकर जिले में महिलाओं और बालिकाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा तथा पर्यवरण पर काम करेंगे। कलेक्टर ने बताया कि बालिकाओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जिले के चार स्कूलों का चयन किया गया है, जहाँ जगती फाउंडेशन द्वारा स्वास्थ्य एवं शिक्षा से जुड़े विशेष कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे।



कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि जगती फाउन्डेशन आधुनिक समय की मांग अनुरूप आवश्यक गतिविधियों को जगती फाउन्डेशन के जरिये और अधिक बेहतर ढंग से पहुंचाया जायेगा। उन्होंने कहा कि वनांचल क्षेत्रों नगरी और सिंगपुर में भी एक दिवसीय हेल्थ कैंप आयोजित किया जाएगा, ताकि दूरस्थ क्षेत्रों की महिलाओं और बालिकाओं को भी आवश्यक स्वास्थ्य लाभ मिल सके। इस अवसर पर पर्यावरण-अनुकूल सैनिटरी पैडों का वितरणः स्वच्छता के साथ पर्यावरण संरक्षण को जोड़ते हुए फाउंडेशन ने 1,100 बांस आधारित बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी पैड वितरित किए। यह पहल मासिक धर्म स्वच्छता को बढ़ावा देने के साथ ही प्लास्टिक-मुक्त और पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करती है। विशेष सत्र में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सोनिका ढिल्लों ने स्तन स्व-परीक्षण (क्ष्ह्ह्डह्यह्ल स्द्गघ्द्ध द्×ड्डद्ध), सर्वाइकल कैंसर की नियमित स्क्रीनिंग, एचपीवी वैक्सीन की उपयोगिता और मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन जैसे विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। यह संवादात्मक सत्र बालिकाओं में झिझक तोड़ते हुए उन्हें प्रश्न पूछने और खुलकर चर्चा करने के लिए प्रेरित करता रहा। उन्होंने बालिकाओं को उम्र के साथ होने वाले शारीरिक एवं जनन स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कीं। साथ ही किशोरियों को स्तन कैंसर एवं गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के लक्षण, रोकथाम, एवं नियमित जांच के महत्व पर सरल और वैज्ञानिक जानकारी दी। इस अवसर पर स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में बड़ा कदमः जगती फाउंडेशन ने ब्तम भ्वेचपजंसे रायपुर के श्री सुकुमार दाश, मार्केटिंग विभागाध्यक्ष, केयर हॉस्पिटल्स डॉ. गिरीश अग्रवाल, वरिष्ठ पल्मोनोलॉजिस्ट ने दम, टीबी, फेफड़ों का संक्रमण, ब्रोंकाइटिस, निमोनिया और साँस लेने में परेशानी के संबंध में और सावधानी बरतने की जानकारी दी।छत्तीसगढ़ में नया स्वास्थ्य मॉडल स्थापित करने की दिशा में जगती फाउंडेशन की संस्थापक श्रीमती दुर्गा कल्याणी, सह-संस्थापक श्री अबू बेकर और परियोजना समन्वयक सुश्री श्रावणी ने छत्तीसगढ़ में महिलाओं के स्वास्थ्य एवं शिक्षा को नई ऊर्जा प्रदान करने के उद्देश्य से धमतरी में फाउंडेशन की औपचारिक शुरुआत को सफल बनाया। केयर हॉस्पिटल्स और जगती फाउंडेशन की साझेदारी ने धमतरी को महिलाओं के स्वास्थ्य संवर्धन के क्षेत्र में एक उदाहरण के रूप में स्थापित करने की दिशा दिखाई है। यह पहल धमतरी जिले में बालिकाओं और महिलाओं के लिए दीर्घकालिक स्वास्थ्य सुरक्षा और जागरूकता का मजबूत आधार तैयार करती है।तेजस्विनी और प्रेरणा परियोजना की महत्वपूर्ण भूमिका जगती फाउंडेशन की दो प्रमुख पहलें-तेजस्विनी और प्रेरणा देशभर में महिलाओं के स्वास्थ्य और सम्मान को बढ़ावा देने पर केंद्रित हैं। इन्हीं परियोजनाओं के अंतर्गत यह जागरूकता अभियान आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य है-महिलाओं में कैंसर संबंधी जोखिमों पर समय रहते जागरूकता, निवारक स्वास्थ्य देखभाल की जानकारी के साथ सुरक्षित एवं स्थायी मासिक धर्म स्वच्छता प्रथाओं को बढ़ावा।

## जिले में नीली क्रांति से मत्स्य पालकों के साथ ग्रामीणों को मिला रोजगार, आय में हुई वृद्धि

**मोहला 9 दिसंबर।** मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला अब मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में एक प्रमुख केंद्र बन चुका है। जिले में पिछले 22 महीनों में अद्वितीय सफलता हासिल की है। इस अवधि में जिले में 11 हजार 805 मीट्रिक टन मत्स्य उत्पादन हुआ। जिससे न केवल किसानों की आय में वृद्धि हुई है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी सृजित हुए हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शासन द्वारा मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया गया है। इन योजनाओं के तहत किसानों को आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण, अनुदान राशि प्रदान की गई और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कई पहल की गई।

# नक्सलवाद उन्मूलन में छत्तीसगढ़ ने रचा नया इतिहास:सीएम साय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**रायपुर, 09 दिसंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजनांदगांव में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के कार्यकाल के दो वर्ष राज्य के इतिहास में निर्णायक मोड़ साबित हुए हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह द्वारा निर्धारित लक्ष्य–÷31 मार्च 2026 तक पूरे देश से नक्सलवाद का पूर्ण उन्मूलन–की दिशा में छत्तीसगढ़ तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद की कमर टूट चुकी है और यह अब अंतिम सांसें गिन रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पिछले दो वर्षों में सुरक्षा बलों ने अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। 500 से अधिक माओवादी मुठभेड़ों में न्यूट्रलाइज हुए, जबकि 4,000 से अधिक नक्सलियों ने आत्मसमर्पण या गिरफ्तारी दी, जो नक्सलवाद के कमजोर पड़ने का स्पष्ट संकेत है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों के पराक्रम से बस्तर में दशकों से जमी हिंसा के विरुद्ध निर्णायक बढ़त मिली है।उन्होंने राज्य सरकार की नई पुनर्वास नीति की भी विस्तृत जानकारी दी। इसके तहत आत्मसमर्पित नक्सलियों के लिए 15,000 प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति, 3 वर्षों तक 10,000 रुपये मासिक वित्तीय सहायता, कौशल विकास प्रशिक्षण और रोजगार-संबंधी कार्यक्रम शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ÷गोलीबारी की भाषा छोड़कर मुख्यधारा से जुड़ना÷ अब बस्तर में हकीकत बन रहा है। पंडुम कैफ़े जैसे नवाचार आज सामाजिक परिवर्तन का प्रतीक हैं।

उन्होंने कहा कि बस्तर में तेजी से सुरक्षा कैंप खुलने और प्रशासन की पहुंच बढ़ने के साथ ही 400 से अधिक गाँव पुनः आबाद हो चुके हैं। नियद नेल्ला नार योजना के माध्यम से इन क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधाएँ और शिक्षा जैसी बुनियादी सेवाएँ पहुँच रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा–जहाँ कभी गोलीबारी की आवाज आती थी, आज वहाँ स्कूल की घंटियाँ बज रही हैं। कई गाँवों में वर्षों बाद ध्वजारोहण हुआ, चुनाव में लोग निर्भीक होकर भाग ले रहे हैं और राशन-कार्ड से लेकर मोबाइल नेटवर्क तक की सुविधाएँ अब सुगमता से उपलब्ध हो रही हैं।÷ मुख्यमंत्री श्री साय ने बस्तर को भविष्य के विकास का बड़ा केंद्र बताते हुए कहा कि कृषि, सिंचाई, वन-उत्पाद, पशुपालन और छोटे उद्योगों के लिए अभूतपूर्व संभावनाएँ बन रही हैं। उन्होंने कहा कि नई औद्योगिक नीति (2024‌30) में नक्सल-प्रभावित क्षेत्रों के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। वनोपज आधारित वैल्यू एडिशन, प्रसंस्करण और ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देकर स्थानीय युवाओं को रोजगार और स्थायी आय से जोड़ा जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पर्यटन को उद्योग का दर्जा दिए जाने से बस्तर अब वैश्विक नक्शे पर तेजी से पहचान बना रहा है। कुटुमसर गुफा, झरने, अबूझमाड़ के जंगल और जनजातीय सांस्कृतिक धरोहर विश्व आकर्षण का केंद्र बन रहे हैं। होम-स्टे मॉडल तेजी से फल-फूल रहा है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहा है। अंत में मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सलवाद उन्मूलन की यह ऐतिहासिक प्रगति राज्य के शहीद जवानों, सुरक्षा बलों के अथक परिश्रम और जनता के विश्वास की जीत है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री श्री अमित शाह के संकल्प के अनुरूप बस्तर नक्सलवाद से मुक्त होकर विकास की मुख्यधारा में शामिल होगा।

## एक नजर

### प्रभारी प्राचार्य को पुलिस ने भेजा जेल

**तिल्दा नेवरा 09 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** थाना तिल्दा-नेवरा क्षेत्र अंतर्गत महिला सहकर्मी से छेड़छाड़, अश्लील हरकत, धमकी और मारपीट जैसे संगीन आरोपों में एक प्रभारी प्राचार्य को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के बाद जेल भेज दिया है। इस बड़ी कार्रवाई का नेतृत्व उप निरीक्षक विकास देशमुख ने किया, जबकि एएसआई अमिला नाग की भूमिका इस पूरे मामले में बेहद प्रशंसनीय रही। पुलिस ने अपराध क्रमांक 547/2025 पंजीबद्ध कर आरोपी के विरुद्ध बीएनएस की धारा 74, 79, 296, 115(2), 351(3), 117(2) के अंतर्गत मामला दर्ज किया है। आरोपी की पहचान प्रेम पृथ्वी पाल लेवी लकड़ा (38 वर्ष), पिता सुखिया राम लकड़ा, स्थायी निवासी ग्राम टेंगारी, थाना भंडरिया, जिला गढ़ा (झारखंड) व वर्तमान निवासी वार्ड क्रमांक 17, श्याम नगर, तिल्दा-नेवरा, जिला रायपुर के रूप में की गई है।

### सबका साथ - सबका विकास के मूलमंत्र के साथ कार्य कर रही है राज्य सरकार: उद्योग मंत्री

**रायपुर, 09 दिसंबर।** प्रदेश के वाणिज्य उद्योग, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने आज कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ-सबका विकास - सबका विश्वास के मूलमंत्र के साथ छत्तीसगढ़ सरकार लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की अगुवाई में विगत दो वर्ष के कार्यकाल में राज्य सरकार ने पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य करते हुए एक जनहितैषी व जनकल्याणकारी सरकार की छबि बनाई है, उन्होने कहा कि जहॉ तक कोरबा के विकास का प्रश्न है तो विगत दो वर्ष के दौरान नगर निगम कोरबा क्षेत्र के विकास के लिए 800 करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्यो को स्वीकृत दी जा चुकी है तथा बिना किसी भेदभाव के सभी 67 वार्डो में जनता की मांग व आवश्यकता के अनुरूप तेजी से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उक्त बातें उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने आज कोरबा नगर निगम के वार्ड क्र. 20 पथर्रीपारा में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान कहीं। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 20 पथर्रीपारा बजरंग बली मंदिर से गीतादेवी के घर तक एवं नीलगिरी बस्ती में 15 लाख रूपये की लागत से सी.सी. रोड का निर्माण तथा वार्ड क्र. 20 कोसाबाड़ी जोनांतर्गत महर्षि वाल्मीकि आश्रम में 10 लाख रूपये की लागत से टायलेट एवं बाथरूम का निर्माण कराया जाना हैं, पथर्रीपारा स्थित महिला दुर्गा पण्डाल परिसर में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने मुख्य अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करते हुए उक्त दोनों विकास कार्यो का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत द्वारा की गई, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर, श्री गोपाल मोदी, वरिष्ठ पार्षद श्री नरेन्द्र देवांगन सहित निगम की मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण व पार्षदगण उपस्थित थे। भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन आगे कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने दर्जनों जनकल्याणकारी योजनाएं देश में चलाई है, जिनका सीधा लाभ देश के करोड़ों लोगों को मिल रहा है।

### निर्माण कार्यो से शिक्षा, बुनियादी ढांचा और सामुदायिक विकास को मिलेगी गति

**रायपुर, 09 दिसंबर।** उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने आज नगर पंचायत पिपरिया को विकास की नई दिशा देते हुए कुल साढ़े 5 करोड़ रुपए के निर्माण कार्यों की सौगात दी। पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, पिपरिया परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने विधिपूर्वक पूजा-अर्चना कर विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्रों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करना हमारी प्राथमिकता है। शिक्षा, बुनियादी ढांचा और सामुदायिक विकास तीनों को गति देने के लिए ये कार्य मील का पत्थर साबित होंगे। इन परियोजनाओं के साथ पिपरिया में शिक्षा, सार्वजनिक सुविधाओं और नगरीय विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व बदलाव की शुरुआत हो चुकी है। यह सौगात पिपरिया के आने वाले वर्षों को नई रफ्तार देने वाली साबित होगी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष श्री कैलाश चंद्रवंशी, नगर पंचायत पिपरिया अध्यक्ष श्री घुरवाराम साहू जिला पंचायत सदस्य डॉक्टर वीरेंद्र साहू, श्री मुकेश अग्रवाल, श्री निर्मल द्विवेदी, पार्षद कमल कांत नाविक, श्री सोम पटेल सहित जनप्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

उद्बोधन की कड़ी में आलोक वर्मा ने कारगिल युद्ध से लेकर अपने 31 साल की भारतीय सेना में योगदान की संक्षिप्त संस्मरण सुनाया

# सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर आलोक वर्मा का समारोह में अभिनंदन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 09 दिसंबर।** तिल्दा नेवरा परिक्षेत्र के बहु चर्चित सैनिक ग्राम तुलसी(मानपुर) में वहा के माटी पुत्र आलोक वर्मा जो कि सर्वप्रथम भारतीय सेना में 1994 में भर्ती हुवे। और भारतमाता की सेवा करने का बीड़ा उठाते हुवे। कारगिल जैसे महत्वपूर्ण लड़ाई के योद्धा रहे साथ ही ऑपरेशन पराक्रम, के हिस्सा रहे और जम्मू कश्मीर के काउंटर इंट्राजेंसी में 10 वर्ष, और ग्लेशियर में 02 वर्ष की सेवा दी। उनका कुल सेवा अवधि 31वर्ष का रहा तत्पश्चात सूबेदार मेजर के पद से वह सेवानिवृत्त होकर जब गांव आए तो संपूर्ण क्षेत्र और ग्रामवासियों ने मिलकर पूर्व सैनिक परिषद छत्तीसगढ़ उत्थान समिति के तत्वाधान में शिक्षाविद् सेवानिवृत्त प्राचार्य दानीराम वर्मा के नेतृत्व व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (ऋस्स) के माः प्रांत संघचालक डॉ.टोपलाल वर्मा के मुख्यातिथ्य में उनके स्वागत अभिनंदन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।



बड़े ही गजब का उत्साह लोगो के बीच कार्यक्रम में दिखा प्रवेश द्वार के पास आलोक वर्मा के आगमन के साथ ही भव्य स्वागत अभिनंदन के साथ देवतुल्य पौधा बड और पीपल का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का सर्वप्रथम संकल्प लिया गया।

फिर छत्तीसगढ़ के पारंपरिक गढ़वा बाजा के साथ सैकड़ों की संख्या में लोगों ने ग्रामभ्रमण कर घरों घरों से माताओं बहनों ने आरती उतारकर श्रीफल भेंट कर उनका स्वागत किया। तत्पश्चात बाजार चौक रंग मंच में मंचीय कार्यक्रम में अतिथियो द्वारा भारतमाता की छाया चित्र में दीप प्रज्वलित कर सभी अतिथियों के परिचय स्वागत सत्कार के बाद पूर्व सैनिक परिषद के अध्यक्ष जगदीश यादव, महेश वर्मा, सुरेन्द्र वर्मा,टेकराम वर्मा, विजय पासी, गजेन्द्र नायक, चंद्रशेखर वर्मा,हितेश कुमार,प्रदीप सिंह, राधेश्याम यादव, रेवती रमण, संतोष वर्मा समेत 14 जवानों ने आलोक वर्मा का साल श्रीफल मोमेंटो भेट कर अभिनंदन किया फिर बाकी सभी पूर्व सैनिकों का वर्मा परिवार द्वारा श्रीफल भगवा गमछा भेट कर सम्मान किया गया। फिर दानीराम वर्मा के द्वारा लिखित पुस्तक सावधान भारत का विमोचन डॉ. टोपलाल वर्मा जी के करकमलों से किया गया। विदित हो कि अभी तक 13 पुस्तक के माध्यम से दानीराम वर्मा ने अपने वृहद अनुभव को संजोने का कार्य किए है। जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगी।

उद्बोधन की कड़ी में आलोक वर्मा ने कारगिल युद्ध से लेकर अपने 31 साल की भारतीय सेना में योगदान की संक्षिप्त संस्मरण सुनाया उन्होंने भारतीय सेना में अग्निवीर के रूप में भर्ती होने के लिए युवाओं को प्रेरित किया। डॉ.टोपलाल वर्मा ने गौरव ग्राम तुलसी के माटी को प्रणाम करते हुवे कहा कि ऐसा गांव जहा से 33 लोग भारतीय सेना समेत विभिन्न सुरक्षा विभागों में सेवा दे रहे है। ऐसा गांव छत्तीसगढ़ में बिरले के साथ उदाहरण योग्य है। उन्होंने संघ के शताब्दी वर्ष पर स्वदेश, पर्यावरण संरक्षण,नागरिक कर्तव्य, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन ऐसे पंच परिवर्तन को अपने अपने व्यक्तिगत जीवन में आत्मसात कर व्यवहार में लाने की अपील कर सभी पूर्व सैनिकों के उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। पूर्व सैनिक महेश वर्मा ने बताया कि भारतीय सेना में जाना जीवकोपार्जन के साथ ही देश सेवा का एक बड़ा अवसर है। पूर्व सैनिक परिषद निरन्तर निःशुल्क में युवावो को अग्नीवीर भर्ती में शारीरिक मापदंड की प्रशिक्षण तिल्दा के रजिया गांव स्थित प्रशिक्षण केंद्र में देती है। और भर्ती हेतु प्रेरित करती है। साथ उन्होंने बताया कि जल्द ही कोहका सर्वे में भी प्रशिक्षण केंद्र बनाने की योजना पर कार्य जारी है।

दानीराम वर्मा ने कहा कि तुलसी मानपुर को गौरव ग्राम सैनिक ग्राम खेल ग्राम, शाखा ग्राम बनाने बहुत ही अधिक परिश्रम करना पड़ा है। बहुत सारे विषम परिस्थितियो से लड़कर और लोगो में जागृति पैदा करके सभी को एकरूपता में पिरोकर यह प्रयास को सफल किया गया था। उन्होंने युवाओं में बढ़ते नशा के प्रकोप पर चिंता जाहिर की नशा से दूर रहने की अभी को अपील की कार्यक्रम को सफल बनाने जिन जिन का भी योगदान प्रत्यक्ष अप्रत्यक रहा उन सभी का आभार करके सभी को धन्यवाद दिये। गौरव ग्राम तुलसी को प्रसिद्धि दिलाने में इनका योगदान प्रथम पक्ति में रहा है। जगतजननी भारतमाता की महाआरती और परसाद वितरण पश्चात कार्यक्रम की समापन और सभी आगंतुकों और गांव के प्रबुद्धजनों परिजनों के लिए रात्री भोज का भी आयोजन किया गया था। मंच और कार्यक्रम संचालन युवा समाजसेवी संदीप वर्मा ने किया।

# लोकतांत्रिक ढांचे में कैग की सर्वोच्च भूमिका:रमेन डेका

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायपुर, 09 दिसंबर।** महालेखाकार कार्यालय के आवासीय परिसर स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री डेका ने अपने उद्बोधन में कहा कि लेखा परीक्षा केवल सरकारी व्यय और राजस्व की जांच तक सीमित नहीं है, यह प्रशासनिक पारदर्शिता, वित्तीय अनुशासन, और जनसेवा में उत्तरदायित्व का एक सशक्त माध्यम है। हमारे लोकतांत्रिक ढांचे में भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की सर्वोच्च भूमिका है।

राज्यपाल श्री रमेन डेका आज प्रधान महालेखाकार कार्यालय में ऑडिट पखवाड़ा 2025 के समापन समारोह में शामिल हुए। लेखा परीक्षा दिवस के अवसर पर 20 नवम्बर से 8 दिसंबर 2025 तक यह सप्ताह आयोजित किया गया। राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि भारतीय लेखा एवं लेखा परीक्षा विभाग का इतिहास गौरवशाली रहा है। इसकी नीव ब्रिटिश शासन के दौरान 1858 में प्रारंभ हुई लेखा परीक्षा व्यवस्था से जुड़ी हुई है। स्वतंत्रता के बाद हमारे संविधान निर्माताओं ने इस संस्था की महत्ता को समझते हुए इसे संवैधानिक प्राधिकरण का दर्जा प्रदान किया।

श्री डेका ने कहा कि तेजी से बढ़ते डिजिटल प्रशासन के दौर में कैग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। यह संस्था केवल कमियों को उजागर नहीं करती, बल्कि प्रशासनिक सुधार, नवाचार एवं पारदर्शिता को प्रोत्साहित करती है। यह न केवल सरकारी कार्यों में वित्तीय अनुशासन लाने का कार्य करता है, बल्कि भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को रोकने का महत्वपूर्ण दायित्व भी निभाता है। इस विभाग के अधिकारियों की निष्पक्षता और कर्मठता ने इसे एक सशक्त संस्थान के रूप में स्थापित किया है।

राज्यपाल ने विभाग के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे इस प्रतिष्ठित संस्था की परंपराओं को बनाए रखते हुए निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। उनकी मेहनत और ईमानदारी से ही जनता का भरोसा और मजबूत होगा। जीवन में एक कार्य ऐसा करें जिसमें लेने का नहीं बल्कि देने का हो, जिससे हमारा देश 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करेगा। कार्यक्रम में स्वागत भाषण प्रधान महालेखाकार श्री यशवंत कुमार ने दिया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन महालेखाकार (लेखा परीक्षा) श्री मोहम्मद फैजान ने किया। इस अवसर पर राज्यपाल श्री डेका ने सामुदायिक भवन परिसर में वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम में महालेखाकार कार्यालय के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### कलेक्टर ने की धान खरीदी प्रगति की समीक्षा,रकबा समर्पण, धान उठाव एवं अवैध धान पर कार्रवाई के निर्देश



**बलौदाबाजार,08 दिसंबर।** कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार को खाद्य, सहकारिता,कृषि एवं अन्य सम्बंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर धान खरीदी प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने किसानों से अतिरिक्त रकबा समर्पण एवं धान उठाव मर तेजी लाने तथा कोचिये व बिचौलिए के अवैध धाम पर लगातार कार्यवाही के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि उपार्जन केंद्रों में धान बेचने आने वाले किसानों का वाहन सहित फोटो लेकर एप्प में अपलोड करने का कार्य सभी उपार्जन केन्द्र के ऑपरेटर से प्रतिदिन अनिवार्य रूप से कराने में निर्देश दिये। उन्होंने मिलर्स द्वारा धान उठाव की समीक्षा करते हुए कहा कि उपार्जन केन्द्र से धान उठाने के बाद ट्रक संबंधित मिलर्स के यहां पहुंचना चाहिए। उन्होंने अतिसंवेदशील उपार्जन केंद्रों में अब तक की खरीदी मात्रा का विश्लेषण करने एवं अधिक खरीदी के कारणों का पता लगाने के भी निर्देश दिये। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी समिति का बिचौलिए से मिलीभगत पाए जाने पर कड़ी करुवाही होगी। सभी सतर्क होकर कार्य करें।अवैध धान परिवहन पर कड़ी निगरानी के लिये उड़ानदस्ता दल एवं चेक पोस्ट से प्रतिदिन की कार्यवाही की जानकारी लेने के निर्देश दिये। बताया गया कि जिले के सभी 166 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी जारी है एवं अब तक 33289 किसानों से 151229 मेट्रिक टन धान खरीदी हुई है। इसके साथ ही 10482किसानों का लगभग 157 हेक्टेयर रकबा समर्पण कराया गया है।

### सरगुजा का अब तेजी से हो रहा विकास: अरुण साव

**रायपुर,09 दिसंबर।** उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने आज सरगुजा संभागीय मुख्यालय अंबिकापुर में 82 करोड़ 23 लाख 71 हजार रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। उन्होंने शहर के स्वच्छता पार्क में 50 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित अटल परिसर के लोकार्पण के साथ ही लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन भी किया। स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े तथा पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री राजेश अग्रवाल भी लोकार्पण-भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विजन और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरगुजा तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है। केवल 23 महीनों में ही अम्बिकापुर शहर के विकास के लिए 209 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। लोक निर्माण विभाग द्वारा सरगुजा संभाग में सड़कों के कायाकल्प के लिए 1737 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। उन्होंने कहा कि विष्णु के सुशासन में प्रदेश सरकार तेजी से विकास कार्यों को धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि आज लोकार्पित और भूमिपूजन किए गए कार्यों से सरगुजा में न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि पर्यटन, कृषि और स्थानीय व्यापार को नई दिशा मिलेगी। महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने अपने संबोधन में कहा कि शहर के विकास के लिए स्वीकृत बड़े कार्यों से अम्बिकापुर का तेजी से विकास होगा और जन सुविधाएं बढ़ेंगी। उन्होंने स्वीकृत सभी कार्यों के लिए उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव के प्रति शहरवासियों की ओर से आभार व्यक्त किया। विधायक श्री प्रबोध मिंज और श्री रामकुमार टोप्पो, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष श्री अनुराग सिंह देव, छत्तीसगढ़ युवा आयोग के अध्यक्ष श्री विश्व विजय सिंह तोमर, जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह, कलेक्टर श्री विलास भोसकर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री राजेश अग्रवाल और नगर निगम के कमिश्नर श्री डी.एन. कश्यप सहित पार्षदगण, जनप्रतिनिधि तथा गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में कार्यक्रम में मौजूद थे।

### डबरी निर्माण से बदली सूरत कुमारी की किस्मत, खेती और मछलीपालन से बढ़ी आमदनी

**रायपुर, 09 दिसंबर।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत सरगुजा जिले में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए डबरियों का निर्माण लगातार लाभकारी साबित हो रहा है। सरगुजा जिले के अम्बिकापुर विकासखण्ड के ग्राम कुम्हरता की सूरत कुमारी भी इसी का सफल उदाहरण हैं, जिन्होंने मनरेगा अंतर्गत अपने खेत में डबरी बनवाकर अपनी आर्थिक स्थिति को पूरी तरह बदल दिया है। मनरेगा के माध्यम से डबरी निर्माण की जानकारी मिलते ही सूरत कुमारी ने रोजगार सहायक से संपर्क कर प्रस्ताव प्रस्तुत किया। वर्ष 2024-25 में उन्हें 2.99 लाख रुपये की स्वीकृति प्राप्त हुई और उन्होंने 30×30 आकार की डबरी का निर्माण कराया। वर्तमान में डबरी में लगभग छह फीट पानी भरा है, जो सालभर उनकी खेती को सहारा दे रहा है। सूरत कुमारी के पास तीन एकड़ कृषि भूमि है, जहां पहले केवल बारिश के मौसम में धान की खेती हो पाती थी। गर्मी और सर्दी में सिंचाई की सुविधा न होने के कारण खेत खाली पड़े रहते थे।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चारामा, जिला- उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./202512142400004 /अ-2/2024-25

साकिनः- जेपरा, प.ह.न.26

**उद्घोषणा**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदक बसन्त कुमार पिता बिसरू व अन्य 01, निवासी ग्राम जेपरा, तहसील चारामा, जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा ग्राम जेपरा, प.ह.नं. 26 में स्थित उनके भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 591/2 में से रकबा 0.050 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में प्रक्रियाधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा या आपत्ति नियत सुनवाई दिनांक 19/12/2025 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा या आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी।

अतः आज दिनांक 04/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया जाता है।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चारामा,
(मुहर) जिला उत्तर बस्तर कांकेर

अब तक 728 लोगों ने अपने घर की छत पर लगवाए सोलर पैनल

# पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने लोगों में उत्साह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,09 दिसंबर।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ की गई पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना ने बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में सचमुच ऊर्जा क्रांति का नया अध्याय लिख दिया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के दूरदर्शी नेतृत्व और जिले में प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर दीपक सोनी के सतत मार्गदर्शन ने इस योजना को घर-घर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



जिले के लोगों में इस योजना को लेकर उत्साह इतना प्रबल है कि 7,869 परिवारों ने अब तक पंजीकरण कराकर सौर ऊर्जा अपनाने की दिशा में अपना सशक्त संकल्प व्यक्त किया है। यह केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते जिले के बदलते सोच और जागरूकता का प्रतीक है।इसी प्रतिबद्धता और प्रशासनिक सक्रियता का परिणाम है कि 728 घरों की छतों पर सोलर रूफ्टॉप प्लांट स्थापित हो चुके हैं। ये परिवार आज मुफ्त बिजली का लाभ प्राप्त कर न केवल आर्थिक बचत कर रहे हैं, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में भी सार्थक योगदान दे रहे हैं। इस योजना की पारदर्शिता और त्वरित लाभ वितरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि यह है कि 501 लाभार्थियों को सब्सिडी का भुगतान किया जा चुका है। इससे योजना के प्रति आम नागरिकों का भरोसा और मजबूत हुआ है तथा सहभागिता भी लगातार बढ़ रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के मार्गदर्शन और कलेक्टर दीपक सोनी की निगरानी में ऊर्जा आत्मनिर्भरता का यह अभियान जिले में तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। आज बलौदाबाजार-भाटापारा छत्तीसगढ़ का एक प्रेरणादायी मॉडल बनकर उभर रहा है–जहाँ सरकारी योजनाएँ कागज़ों से निकलकर वास्तव में लोगों के जीवन में रोशनी बन रही हैं और उज्ज्वल परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त कर रही हैं।

### नवंबर माह में पेंशनरों के डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र जमा कराने का विशेष अभियान सफल

**रायपुर, 09 दिसंबर ।** संचालक पेंशन एवं भविष्य निधि, छत्तीसगढ़ द्वारा सभी बैंकों को दिए गए निर्देशों के तहत बीते नवंबर माह में पेंशनरों के डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र जमा कराने हेतु विशेष अभियान सफलतापूर्वक संचालित किया गया। जैसा कि पूर्व में अवगत कराया गया था, वृद्ध पेंशनरों को जीवन प्रमाणपत्र जमा करने के लिए अपने संबंधित बैंक शाखाओं में जाने में कठिनाइयाँ होती थीं। इस समस्या के समाधान हेतु भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय तथा पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग, नई दिल्ली के निर्देशों के अनुरूप राज्य में डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र मिशन 4.0 लागू किया गया। इसके तहत छत्तीसगढ़ के सभी पेंशनरों को किसी भी बैंक में डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र जमा करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। अभियान के दौरान भारतीय स्टेट बैंक सहित अन्य 8 अधिकृत बैंकों द्वारा राज्य के विभिन्न शहरों में कैंप आयोजित किए गए, जिनमें फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक की सहायता से पेंशनरों से डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र प्राप्त किए गए। इसके साथ ही बैंकों द्वारा शेष पेंशनरों को भी इस सुविधा के बारे में व्यापक रूप से जानकारी प्रदान की गई।

इस अभियान की प्रगति उत्साह जनक रही और अब तक की स्थिति में छत्तीसगढ़ राज्य के 80 प्रतिशत पेंशनरों द्वारा जीवन प्रमाणपत्र जमा कर दिया गया है।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री बदलने की चर्चा निराधार

**रायपुर, 9 दिसम्बर।** अभिनव भारत पार्टी के प्रदेश संयोजक प्रकाश नारायण शुक्ल ने कहा है कि पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया व वेब मीडिया के द्वारा एक सूचना प्रसारित हो रही है जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को अप्रैल माह में बदलकर दूसरा बनाने की बातें की जा रही है, जो कि निराधार व निंदनीय है। उल्लेखनीय है कि 25 वर्ष के युवा छत्तीसगढ़ को भारतीय जनता पार्टी के उच्च नेतृत्व ने दूरे दृष्टि का परिचय देते हुए सरल-सहज एवं अनुभवी नेता के रूप में वर्तमान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का चयन किया है। अपने दो वर्ष के कार्यकाल में मुख्यमंत्री ने सुशासन का परिचय देते हुए महतारी वंदन जैसी महती योजनाएं महिलाओं के आर्थिक सहयोग हेतु सफलतापूर्वक चल रहे हैं।

### फर्जी दस्तावेज से 48 सिम बेचने वाला बंदी



**रायपुर, 9 दिसम्बर।** फर्जी दस्तावेजों के जरिए 48 सिम बेचने के आरोप में फरार चल रहे आरोपी शुभम गुप्ता को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है; आरोपी के खिलाफधोखाधड़ी का मामला दर्ज होने के बाद से वह लगातार पुलिस की पकड़ से बचता फिर रहा था। अभनपुर वार्ड-7 निवासी शुभम गुप्ता को आज गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। पूरा मामला अभनपुर थाना क्षेत्र का है।


### भारतीय शेयर बाजार में निवेश का अवसर

**रायपुर, 9 दिसंबर।** रूस के सबसे बड़े बैंक स्बेरबैंक और जेएससी फर्स्ट एसेट मैनेजमेंट ने एक नया म्यूचुअल फंड 'फर्स्ट-इंडिया' लॉन्च किया है। यह फंड भारत के नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के प्रमुख इंडेक्स निफ्टी50 (एनएसईआई) पर आधारित है, जिसमें देश की टॉप 50 कंपनियों के शेयर्स शामिल होते हैं। इस फंड के जरिए रूस के रिटेल निवेशकों को भारत के शेयर बाज़ार में प्रत्यक्ष हिस्सेदारी का मौका मिलेगा। यह लॉन्च एनएसई में आयोजित एक कार्यक्रम में स्बेरबैंक के सीईओ और एग्जीक्यूटिव बोर्ड के चेयरमैन हरमन ग्रेफ द्वारा उनकी भारत यात्रा के दौरान किया गया। निफ्टी 50 दुनिया भर के बाज़ार निवेशकों में सबसे ज्यादा देखे जाने वाले इक्विटी इंडेक्स में से एक है। इसमें एनएसई में सूचीबद्ध 50 बड़ी और बेहद सक्रिय कंपनियों के शेयर्स शामिल हैं, जो भारतीय अर्थव्यवस्था के 15 अलग-अलग सेक्टर्स का प्रतिनिधित्व करते हैं।

### गाइडलाइन दरों के पुनरीक्षण के निर्णय का क्रेडाई ने किया स्वागत

**रायपुर, 9 दिसंबर।** क्रेडाई छत्तीसगढ़, राज्यभर के रियल एस्टेट डेवलपर्स की शीर्ष संस्था, आज केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड द्वारा जारी गाइडलाइन दरों में किए गए आवश्यक एवं सकारात्मक संशोधनों का स्वागत किया। 19 नवम्बर को बोर्ड द्वारा राज्य में लागू गाइडलाइन दरों के पुनरीक्षण के संदर्भ में किए गए अध्ययन, प्राप्त सुझावों एवं स्थिति की वास्तविकता को समझते हुए पारित यह निर्णय रियल एस्टेट सेक्टर, हाउसिंग प्रोजेक्ट्स, प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास योजनाओं, मध्यम एवं आर्थिक वर्ग के घर खरीदने वालों–सभी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण राहत लेकर आया है। क्रेडाई छत्तीसगढ़ विशेष रूप से निम्न महत्वपूर्ण निर्णयों के लिए सरकार का आभार व्यक्त किया है।

## मेडिकल पीजी में राज्य का कोटा कम करना गलत : कांग्रेस



**रायपुर, 9 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी सरकारी एवं प्राइवेट मेडिकल कॉलेज से पास किए हुए एमबीबीएस छात्रों के लिए पीजी सीट का कोटा पहले तक 50 प्रतिशत होता था। साय सरकार ने इसमें कमी कर दिया। वर्तमान में राज्य सरकार के राजपत्र में प्रकाशित नए नियम के अनुसार यह घटकर 25 प्रतिशत ही रह जाएगा।

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा कि नियमानुसार सभी राज्यों में 50 प्रतिशत आवश्यक रूप से अखिल भारतीय स्तर की पीजी सीटों का कोटा होता है शेष 50 प्रतिशत राज्य सरकार अपने मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस छात्रों की पीजी सीटों के लिए सुरक्षित रखती है। साय सरकार इस नये फैसले से प्रदेश के उन छात्रो को नुकसान हो गया, जो अपने ही राज्य में एमबीबीएस के बाद पीजी करना चाहते है। अब छत्तीसगढ़ के छात्रो को 50 प्रतिशत बजाय मात्र 25 प्रतिशत ही मिलेगा तथा केन्द्र का कोटा 50 से बढ़ाकर 75 हो गया।

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार की व्यवस्था किसी राज्य में नहीं है कि वहां पर राज्य का कोटा 25 हो तथा केन्द्र का 75 प्रतिशत हो। भाजपा सरकार का यह निर्णय छत्तीसगढ़ विरोधी है। कांग्रेस सरकार के इस निर्णय का विरोध करती है। सरकार अपने इस गलत निर्णय का विरोध करें।

## भगवान दत्तात्रेय ने अपने जीवन में चौबीस गुरु बनाये : राजेश्री महन्त

» प्रत्येक व्यक्ति में कोई न कोई गुण अवश्य होता है




**रायपुर, 9 दिसम्बर।** ब्रह्मपुरी रायपुर स्थित दत्तात्रेय मंदिर में महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज, स्थानीय विधायक सुनील सोनी सहित अनेक गणमान्य अतिथि भगवान दत्तात्रेय जयंती के अवसर पर उपस्थित हुए। इन्होंने मंदिर परिसर में ध्वजारोहण किया, हवन कुंड का परिक्रमा करते हुए कार्यक्रम में सम्मिलित हुए, भगवान के दर्शन पूजन के उपरांत उपस्थित स्रोताओं को अतिथियों के द्वारा संबोधित किया गया। राजेश्री महन्त महाराज ने कहा कि - भगवान दत्तात्रेय ने अपने जीवन में चौबीस गुरु बनाये कथन का तात्पर्य यह है कि -प्रत्येक व्यक्ति में कोई न कोई गुण अवश्य होता है, हमें उससे ग्रहण करना चाहिए। कहा भी गया है कि गुन के गाहक सहस नर, बिनु गुन लहै न कोय।। विधायक सुनील सोनी ने कहा कि- भगवान दत्तात्रेय की जयंती के अवसर पर यह कहना चाहूंगा कि आप सभी समाज में एकता बनाकर कार्य करें इससे समाज का विकास होगा। हम विकसित भारत के साथ-साथ विकसित छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण करें यही हम सब का उद्देश्य होना चाहिए। लोगों को जैतू साव मठ ट्रस्ट के सदस्य अजय तिवारी ने भी संबोधित किया। सुबोध मनोहर पंडे के द्वारा दत्त गुरु चरित पाठ किया गया। शताब्दी पांडे, हरि बल्लभ अग्रवाल तथा ट्रस्ट कमेटी के सभी सदस्यों सहित श्रद्धालु भक्तगण काफी संख्या में उपस्थित थे। भगवान की आरती संपन्न होने के पश्चात सभी को प्रसाद वितरित किया गया।

## ट्रेन यात्रियों को मिलेगी विश्वस्तरीय खानपान व खरीदारी की सुविधा



**रायपुर, 9 दिसम्बर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के वाणिज्य विभाग द्वारा आज दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय, बिलासपुर में एक विशेष कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें देश और विदेश के प्रतिष्ठित खाद्य एवं रिटेल ब्रांडों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस सम्मेलन का उद्देश्य रेलवे स्टेशनों पर प्रीमियम ब्रांड कैटरिंग आउटलेट तथा कंपनी-स्वामित्व/संचालित सिंगल-ब्रांड प्रीमियम स्टोर्स की स्थापना के अवसरों पर विस्तृत चर्चा करना था, ताकि यात्रियों को आधुनिक हवाई अड्डों की तरह विश्वस्तरीय सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा सकें।

रेलवे बोर्ड द्वारा कैटरिंग पॉलिसी 2017 में किए गए नवीन संशोधन के तहत प्रीमियम ब्रांड कैटरिंग आउटलेट को कैटरिंग स्टॉल की नई श्रेणी के रूप में औपचारिक मान्यता प्रदान की गई है। इस नई व्यवस्था के साथ प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खाद्य ब्रांडों के कंपनी-स्वामित्व/संचालित या फ्रेंचाइज़ मॉडल के आउटलेट अब रेलवे कैटरिंग ढाँचे का हिस्सा बन सकेंगे। इसके अतिरिक्त, यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे स्टेशनों पर ट्रैवल एक्सेसरीज़, स्पोर्ट्स, परिधान, फुटवियर और अन्य वस्तुओं के लिए भी सिंगल-ब्रांड प्रीमियम स्टोर्स स्थापित किए जाएंगे, जिससे यात्रियों को गुणवत्तापूर्ण और विविध उत्पाद एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकेंगे।

इतना ही नहीं, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अपने क्षेत्र की विविध स्थानीय व्यंजनों को प्रोत्साहित करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। क्षेत्रीय/स्थानीय खानपान एवं मिलेट्स आधारित लोकप्रिय खाद्य पदार्थों को बढ़ावा देने के लिए स्टेशनों पर कॉम्पैक्ट मॉड्यूलर काउंटर्स स्थापित करने का प्रस्ताव भी इस पहल का हिस्सा है, जिससे स्थानीय उद्यमियों को अवसर मिलेगा और यात्रियों को स्थानीय स्वाद का अनुभव होगा।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने इच्छुक प्रीमियम ब्रांडों से एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (ईओआई) आमंत्रित किए हैं। ब्रांडों को अपने प्रस्ताव में स्टेशन विवरण, आवश्यक क्षेत्रफल, प्रस्तावित सेवाएँ, तकनीकी अनुभव तथा संचालन योजना जैसी जानकारियाँ प्रस्तुत करनी होंगी। स्टॉल आवंटन की पूरी प्रक्रिया ई-नीलामी के माध्यम से पारदर्शी और प्रतिस्पर्धात्मक ढंग से की जाएगी, जो किसी भी प्रकार के नामांकन आधारित आवंटन को समाप्त करती है। सभी स्टॉलों की अवधि पाँच वर्ष निर्धारित की गई है।

## आईपीओ के लिए सेबी से अंतिम मंजूरी

**रायपुर, 9 दिसंबर।** मुंबई स्थित आईसीआईसीआई प्रुडेंशियल एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड को पूँजी बाजार नियामक सेबी से इसके इनिशियल पब्लिक ऑफर (आईपीओ) के लिए अंतिम मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने 8 जुलाई, 2025 को सेबी के पास अपने आईपीओ दस्तावेज जमा किए थे। यह आईपीओ प्रमोटर- प्रूडेंशियल कॉर्पोरेशन होल्डिंग्स द्वारा ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के रूप में होगा। डीआरएचपी जमा करने की तारीख तक कंपनी का सब्सक्राइब्ड और पेड-अप शेयर कैपिटल 17,652,090 इक्विटी शेयर था। इसकी फेस वैल्यू 1 रुपए है। प्रस्तावित बोनस इश्यू पूरा होने के बाद कंपनी की जारी, सब्सक्राइब्ड और पेड-अप इक्विटी शेयर कैपिटल 1 रुपए फेस वैल्यू वाले 176,520,900 इक्विटी शेयरों से बढ़कर 1 रुपए फेस वैल्यू वाले 494,258,520 इक्विटी शेयर हो जाएगी।

## डॉक्टर से शादी के चक्कर में महिला आरक्षक लाखों से हाथ धो बैठी




**रायपुर, 9 दिसम्बर।** रायपुर में एक महिला कॉन्स्टेबल को मेटरीमोनियल साइट के जरिए ठगने और ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। खुद को डॉक्टर बताने वाले आरोपी ने महिला कॉन्स्टेबल को पहले विश्वास में लिया, फिर उसकी फोटो एडिट कर अश्लील तस्वीर में बदलकर वायरल करने की धमकी देने लगा। आरोपित ने महिला कॉन्स्टेबल को डराकर 4 लाख रुपये वसूली कर लिए।

**शादी वेबसाइट पर हुई थी जान-पहचान :** जानकारी के अनुसार पीड़िता महिला कॉन्स्टेबल की जान-पहचान आरोपी से शादी डॉट कॉम पर हुई थी। आरोपी ने स्वयं को दिल्ली का डॉक्टर बताकर महिला को झांसे में लिया। इसके बाद दोनों के बीच फोन पर लगातार बातचीत होने लगी। आरोपी ने महिला कॉन्स्टेबल को अपने भरोसे में लेने के लिए अच्छी-अच्छी बातें की। कुछ दिनों के बाद महिला कॉन्स्टेबल उसके भरोसे में आ गई।

### आरोपी ने किया दुष्कर्म का प्रयास

पीड़ित महिला कॉन्स्टेबल ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया है कि आरोपी रायपुर आया था और इसी दौरान उसने उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास भी किया। विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ बदसलूकी की। पीड़ित महिला कॉन्स्टेबल के अनुसार इसके बाद जब दोनों के बीच संबंध बिगड़ गया तो आरोपी ने उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया।

## जिपं अध्यक्ष ने किया सहकारी समितियों का किया निरीक्षण



**रायपुर, 9 दिसम्बर।** जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी आज एक विशेष निरीक्षण दौरे पर सेवा सहकारी समिति मर्यादित मावलीभाठा क्रमांक 384 तथा सेवा सहकारी समिति मर्यादित गोंडगिरी क्रमांक 385 पहुँचीं। इस दौरान उन्होंने समितियों के कार्यों, धान खरीदी व्यवस्था तथा किसानों को मिल रही सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में किसान बहन-भाई उपस्थित रहे और उन्होंने अपनी समस्याएँ खुलकर जिला पंचायत अध्यक्ष के सामने रखीं। किसानों की समस्याएँ सुनकर तुरंत श्रीमती तिवारी ने मौके पर ही – संबंधित नोडल अधिकारी से बातचीत की, तत्पश्चात विषय को ऊपरी अधिकारियों तक पहुँचाने हेतु फोन पर चर्चा की धान खरीदी क्षमता बढ़ाने एवं अन्य समस्याओं के समाधान हेतु लेटर एवं ईमेल द्वारा औपचारिक रूप से प्रस्ताव भेजा। और जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने स्पष्ट कहा कि– किसान हमारी रीढ़ हैं। भाजपा सरकार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार और छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होने देगी।

### किसानों ने जताया आभार

गाँव के किसानों ने जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रति धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि इतने लंबे समय बाद कोई जनप्रतिनिधि उनकी समस्याओं को इतनी गंभीरता से सुन रहा है और तत्काल कार्रवाई कर रही है।

## अन्तरमहाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ



**रायपुर, 9 दिसम्बर।** स्थानीय डागा कॉलेज द्वारा उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आबंटित अन्तरमहविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अजय तिवारी, विशेष अतिथि डॉ देवाशीष मुखर्जी, प्राचार्य, महंत कॉलेज, डॉ संगीता घई, प्राचार्य डागा कॉलेज, एवम सभी प्राध्यापकगण सम्मलित हुए प्रतियोगिता उद्घाटन में मुख्य अतिथि अजय तिवारी ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि भारत देश ने अभी अभी महिला क्रिकेट में विश्वकप जीता है और आप यदि अच्छे से परिश्रम करते है तो टीम इंडिया के सदस्य बन सकते है और देश के साथ साथ प्रदेश व परिवार का नाम रोशन कर सकते है डॉ मुखेर्जी ने कहा कि आज के वर्तमान परिस्थितियों में जहाँ घर से बच्चियाँ सभी खेल अपने मोबाइल पर खेलती है वहाँ आप सभी के द्वारा इतने कठिन परिस्थिति में मैदान पर खेलना ही एक जीत का अनुभव कराती विश्व कप के कुछ खिलाड़ियों का उदाहरण देकर सभी बच्चियों का हौसला अफ्ज़ाई किया, प्राचार्य संगीता घई ने उच्च शिक्षा द्वारा दिये गए दायित्व को निभाने की बात कही एवम विभिन्न महाविद्यालय से आये हुए 70 से अधिक खिलाडियो को अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित की, उद्घाटन सत्र पर डॉ पदमा, डॉ रेणुका एवम डॉ स्मृति एवम क्रीड़ाधिकारी प्रेम शंकर सहित सभी महाविद्यालय के खेल अधिकारी उपस्थित हुए।

## प्रदेश की जेलों में वेलफेयर अफसरों की होगी नियुक्ति



**रायपुर, 9 दिसम्बर।** बिलासपुर हाई कोर्ट ने राज्य की जेलों में बढ़ती भीड़ और कल्याण अधिकारियों की कमी पर गंभीर चिंता जताई है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बी.डी. गुरु की डिवीजन बेंच ने सोमवार को राज्य सरकार और जेल महानिदेशक को जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए।

राज्य सरकार की ओर से जवाब देते हुए कहा गया है कि भर्ती प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इसके लिए सीजीपीएससी के माध्यम से परीक्षा ली जाएगी। यह भी कहा गया कि पहले वेलफेयर ऑफिसर और प्रोबेशन ऑफिसर के नाम से दो अलग-अलग पोस्ट थीं। अब दोनों पदों को एक साथ मिलाकर प्रोबेशन और वेलफेयर ऑफिसर के नाम से एक सिंगल पोस्ट बनाया गया है। सरकार की ओर से यह भी कहा गया कि छत्तीसगढ़ जेल नॉन-गजटेड III मिनिस्टीरियल और नॉन-मिनिस्टीरियल) सर्विस (क्लास रिक्रूटमेंट) रूल्स, 2022 में बदलाव भी किए गए। सरकार ने कोर्ट में जवाब देते हुए कहा कि राज्य में कुल 20 जिला जेल हैं। इन 20 जिला जेलों में नियुक्ति करने के लिए प्रोबेशन एंड वेलफेयर ऑफिसर के 20 नए पद बनाने की ज़रूरत है।लिहाजा इसका प्रस्ताव तैयार किया गया है। वित्तीय वर्ष 2026-2027 के आने वाले मुख्य बजट में शामिल किए जाने के बाद, इस पोस्ट को भरने की कार्रवाई शुरू होगी। इस पर याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि राज्य भर में नई जेल बिल्डिंग बनाते समय, अधिकारियों को मॉडल प्रिज़न मैनुअल, 2016 का पालन अनिवार्य किया जाना चाहिए। यह मैनुअल कैदियों के अधिकारों की सुरक्षा करता है। कोर्ट ने इसे गंभीरता से लेने कहा है। साथ ही डीजीपी प्रिज़न्स एंड करेक्शनल सर्विसेज़ को विस्तृत शपथ पत्र दाखिल करने कहा है। कोर्ट ने मार्च 2026 में सुनवाई तय की है।

हाई कोर्ट ने राज्य की 33 जेलों में क्षमता से करीब 40 प्रतिशत ज्यादा कैदियों की मौजूदगी और कल्याण अधिकारियों की कमी पर कड़ा रुख अपनाया है। अदालत ने स्पष्ट कहा कि हर जिला जेल में वेलफेयर आफिसर की नियुक्ति और अतिरिक्त बैरक का समय पर निर्माण आवश्यक है, ताकि कैदियों को मानक सुविधाएं मिल सकें और भीड़भाड़ की समस्या कम हो। डीजी, जेल एवं सुधार सेवाएं ने अपने शपथपत्र में बताया कि 9 सितंबर 2025 तक 33 जेलों में 14,883 की क्षमता के मुकाबले 21,335 कैदी हैं। भीड़ कम करने के लिए कई जगह अतिरिक्त बैरक का निर्माण जारी है।

**अव्यवस्था** नगर निगम के ध्यान न देने से स्थिति बिगड़ी, स्टाफ और महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल

## हमर क्लिनिक बदहाली का शिकार, रखरखाव के अभाव में बढ़ा खतरा




**रायपुर, 9 दिसम्बर।** गुरु गोविंद सिंह वार्ड में संचालित हमर क्लिनिक इन दिनों अपनी दुर्दशा पर आँसू बहा रहा है। गरीब और जरूरतमंदों के लिए वरदान साबित होने वाला यह क्लिनिक अब लापरवाही का शिकार हो गया है। नगर निगम प्रशासन की उदासीनता के कारण क्लिनिक रखरखाव के अभाव में बदहाल स्थिति में पहुँच गया है।

### बिल्डिंग नई पर इंतजाम नहीं

जानकारी के अनुसार पहले यह क्लिनिक झंडा चौक स्थित एक मकाननुमा भवन में संचालित होता था। लगभग दो से तीन महीने पहले ही इसे गैस गोदाम के पास निर्मित नए भवन में स्थानांतरित किया गया। लेकिन नई इमारत होने के बावजूद यहां बाउंड्री वॉल और पार्किंग की व्यवस्था बिल्कुल नहीं है, जिससे क्लिनिक में काम करने वाले स्वास्थ्य कर्मी काफी परेशान रहते हैं।

### असामाजिक तत्वों का अड्डा बना

क्लिनिक के पास एक अज्ञात ऑटो चालक ने पिछले दो महीनों से अपना कंडम ऑटो खड़ा कर रखा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इसी ऑटो के आसपास अक्सर असामाजिक तत्वों को शराब, गांजा, बीड़ी-सिगरेट पीते देखा जाता है, जो महिला स्टाफ के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है।

### स्थिति जल्द नहीं सुधरी तो बड़े हादसे की आशंका

क्षेत्रवासियों का कहना है कि क्लिनिक की सुरक्षा एवं साफ-सफाई की स्थिति चिंताजनक है। यदि जल्द उचित रखरखाव नहीं किया गया तो किसी भी अप्रिय घटना से इनकार नहीं किया जा सकता।

### पार्षद से की गई शिकायत

इस मामले की जानकारी वार्ड पार्षद पुरुषोत्तम बेहरा को भी दे दी गई है। उन्होंने तुरंत समस्या हल करने का आश्वासन तो दिया है, मगर लोग यह देखने को उत्सुक हैं कि कार्रवाई आखिर कब तक होती है।

## सातवें वेतनमान के आधार पर पेंशन दिया जाए : प्रदीप मिश्र

**रायपुर, 9 दिसम्बर।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्व विद्यालय कर्मचारी संघ के पूर्व सचिव एवं छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालयीन पेंशनर्स कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार मिश्र और सचिव शिरीष त्रिवेदी ने कहा है कि 10 दिसम्बर को होने वाली कैबिनेट की बैठक में विश्वविद्यालयीन सेवानिवृत कर्मचारियों की विगत लगभग दस वर्षो से लंबित सातवे वेतन मान के आधार पर पेंशन देने के आदेश को मंजूरी देने का निर्णय लिया जाए। जिससे मोदी की गारन्टी की गारन्टी और उनके मान संम्मान की रक्षा करते हुए सेवानिवृत कर्मचारियों को नए साल 2026 के पूर्व प्रदेश के सीनियर सिटीजनों, सेवानिवृत कर्मचारियों को तोहफा मिल जाएगा।

इसके लिये हमने मुख्यमंत्री के जनदर्शन में अपना पक्ष रखते हुए दो दो बार आवेदन पत्र देकर निवेदन कर चुके हैं। इसके साथ ही मुख्य सचिव और सचिव उच्च शिक्षा, सचिव वित्त, के साथ साथ वित्त मंत्री को भी अनेकों बार आवेदन देकर निवेदन कर चुके हैं।

प्रदीप कुमार मिश्र ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के सभी विश्वविद्यालय के समस्त सेवानिवृत शिक्षक, अधिकारी, और कर्मचारीगण विश्वविद्यालय में सेवारत रहते हुए सातवें वेतनमान के वेतन का लाभ लेते हुए सेवानिवृत होते हैं तब उन्हें सेवानिवृति उपरांत छठवे वेतनमान के आधार पर पेंशन दिया जाता है जबकि सेवानिवृत कर्मचारी सातवें वेतनमान की सौ फीसदी पात्रता रखतें हैं।

प्रदीप मिश्र ने बड़े दुख के साथ बताया कि 31 दिसंबर 2015 के पूर्व किसी भी वर्ग का विश्वविद्यालयीन कर्मचारी सेवानिवृत होता है उसे सातवें वेतनमान के आधार पर पेशन देने के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आदेश जारी किया गया है।

जबकि ये कर्मचारीगण अपने सेवा काल में कार्य करते हुए सातवें वेतनमान के आधार पर एक भी दिन का वेतन नहीं लिए हैं। विदित हो कि 1 जनवरी 2016 से छत्तीसगढ़ शासन ने अपने प्रदेश के समस्त शासकीय कर्मचारीयों, नगर निगम, कृषि वि वि, छ ग हाउसिंग बोर्ड के कर्मचारियों को सातवें वेतनमान के आधार पर पेंशन दे रहा है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26